चैत्र शुक्ल पक्ष-11, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 206 | पेज 6, मूल्य 2 रुपए
डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
19 जनवरी 2025
रविवार

आज का मौसम
27 अधिकतम
10 न्यूनतम

# दोपहर मेट्रो


Page-5

## केजरीवाल पर नहीं हुआ था हमला, भागे थे : प्रवेश वर्मा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता एवं नयी दिल्ली विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार प्रवेश वर्मा ने दावा किया है कि आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पर किसी तरह का हमला नहीं हुआ है बल्कि वह जनता से सवालों के बचने के लिए सभा स्थल से भाग गये थे। वर्मा ने रविवार सुबह संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि केजरीवाल नयी दिल्ली विधानसभा क्षेत्र से चुनाव हार रहे हैं इसलिए उन्होंने हमले की झूठी कहानी रची है। उन्होंने कहा कि 12 साल की विधायकी के बाद भी केजरीवाल आज नयी दिल्ली विधानसभा क्षेत्र में जब प्रचार को जाते हैं तो वहां जनता सवाल पूछती है और सवालों का जवाब देने की बजाय वह भाग जाते हैं। उन्होंने कहा कि केजरीवाल का चुनाव प्रचार पंजाब से आई राशि और कार्यकर्ताओं पर चल रहा है। उन्होंने कहा कि वह (केजरीवाल) नहीं चाहते कि श्रीमती आतिशी, श्री मनीष सिसोदिया या श्री सौरभ भारद्वाज चुनाव जीते, इसलिए उन्हें चुनाव प्रचार से हटा कर सिर्फ संवाददादा स मेलन और बैठकों में उलझा कर रखते हैं।



## दिल्ली में राहुल प्रियंका समेत कांग्रेस के 40 स्टार प्रचारक

नईदिल्ली,एजेंसी

देश की राजधानी दिल्ली में विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी घमासान चरम पर है। मुख्य मुकाबला आम आदमी पार्टी, बीजेपी और कांग्रेस के बीच सिमटा हुआ है। अब नामांकन का दौर संपन्न होने के बाद पार्टी ने प्रचार अभियान तेज कर दिया है। कांग्रेस ने अपने स्टार प्रचारकों की लिस्ट जारी कर दी इत्रइसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पार्टी सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी, सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा का नाम शामिल है। इनके अलावा कांग्रेस शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और डिप्टी सीएम भी प्रचार करेंगे। इसके अलावा, कई मौजूदा और पूर्व मुख्यमंत्री, सांसद, और पार्टी प्रवक्ता भी प्रचार करेंगे। है कि अगले रविवार को 26 जनवरी है।

### मंत्रालय की आंतरिक संरचना में कम, लेकिन जिला व संभागों में बड़े फेरबदल संभावित

# एक सूची की सनसनी, होल्ड पर रखी गई प्रशासनिक सर्जरी अब कभी भी अनहोल्ड

भोपाल.दोपहर मेट्रो

मप्र की मोहन यादव सरकार का प्रशासनिक फेरबदल एक सप्ताह से ज्यादा समय से अटकने की वजह से कई अफसरों की 'सांसे भी अटकी' हुई हैं। बीती छह जनवरी के बाद से संभावित और प्रस्तावित बड़ी प्रशासनिक सर्जरी अलग–अलग कारणों से बार बार होल्ड हो रही है। लेकिन अब माना जा रहा है कि इसे अंजाम देने के लिये फिर से इस फाइल को खोला गया है। जानकारों की मानें तो यह सर्जरी मंत्रालय की आंतरिक संरचना को बहुत ज्यादा प्रभावित नहीं करेंगी लेकिन जिला व संभागों में बड़े फेरबदल का कारण बनेगी। इनमें कई कलेक्टरों को बदले जाने की तैयारी है। इनमें कुछ ऐसे कलेक्टर भी हैं जो काफी समय से सरकार के रडार पर हैं। इनमें से भी तीन ऐसे कलेक्टर हैं, जिनका तीन साल का कार्यकाल पूरा हो चुका है। वहीं लगभग दस उन कलेक्टरों को भी बदला जाना है जो किसी न किसी कारण से निशाने पर आते रहे हैं। इनमें जनप्रतिनिधियों की शिकायतें, सरकार के फोकस वाले कामकाज में शिथिलता जैसी वजहें शामिल बताई जा रही हैं।

इसी तरह प्रदेश की कई जिला पंचायतें अभी प्रभारी अफसरों के भरोसे चल रही हैं। सरकार यहां आइएएस पदस्थ करना चाहती है। अभी कलेक्टर व अन्य अधिकारियों के प्रभार में है। वहीं जो जिन जिला पंचायतों में सीईओ अपना कार्यकाल पूरा कर चुके हैं, उन्हें नई जिम्मेदारियां दी जाएंगी। दूसरी तरफ हाल ही में 50 से ज्यादा आईएएस को पदोन्नति मिली है। इनमें से दो आईएएस पी नरहरि व नवीन मोहन कोठारी को प्रमुख सचिव बनाया गया है। जिलों में पदस्थ कई कलेक्टरों को सचिव बना दिया गया है। माना जा रहा है नरहरि व कोठारी को नई जिम्मेदारी दी जा सकती है। उधर जिन कलेक्टरों को सचिव व अन्य पदों पर पदोन्नतियां दी है उनकी पोस्टिंग मंत्रालय में की जा सकती है।



**इन अफसरों पर होगा असरः** दरअसल कई मैदानी अफसर अपर सचिव व सचिव पद पर पदोन्नत हो चुके हैं या लंबा कार्यकाल ले चुके हैं। लिहाजा इन्हें भी बदला जा सकता है इनमें सतेंद्र सिंह, कलेक्टर गुना, नीरज सिंह कलेक्टर उज्जैन, स्वरोचिष सोमवंशी, कलेक्टर सीधी,प्रवीण सिंह कलेक्टर सीहोर,अनुराग वर्मा, कलेक्टर सतना,प्रतिभा पाल कलेक्टर रीवा, राहुल हरिदास फटिंगकलेक्टर बड़वानी,अवधेश शर्मा कलेक्टर टीकमगढ़,सुभाष द्विवेदी कलेक्टर अशोक नगर,धरणेन्द्र जैन कलेक्टर उमरिया, अरविंद कुमार दुबे कलेक्टर रायसेन, नरेंद्र सूर्यवंशी कलेक्टर बैतूल, केदार सिंह कलेक्टर शहडोल व राजेश बाथम कलेक्टर रतलाम शामिल हैं। इनके अलावा करीब पांच अन्य अफसर तो चार पांच साल से पदों पर हैं।

### मुख्य सचिव कार्यकाल की पहली बड़ी सर्जरी

अक्टूबर में मुख्य सचिव बनाए जाने के बाद अनुराग जैन के कार्यकाल की यह पहली बड़ी प्रशासनिक सर्जरी होगी। इसके लिए मुख्यमंत्री मोहन यादव और मुख्य सचिव के बीच कई बार विमर्श हो चुका है। हाल में सरकार ने जो नये मिशन शुरू किये हैं या कुछ और होने वाले हैं उनके प्रभावी क्रियान्वयन के लिहाज से अफसरों को तैनात करने की सरकार की योजना है।

### पीएचक्यू में भी बदलाव के आसार

जानकारों की मानें तो पीएचक्यू में कुछ बदलाव भी जल्द होने वाले हैं। नए डीजीपी मुख्यालय की भीतरी जमावट में थोडा से फेरबदल करना चाहते हैं वहीं मुख्यमंत्री मोहन यादव भी अपने फीडबैक के आधार पर परिवर्तन कर सकते हैं। फील्ड में मौजूद अफसरों के कामकाज की समीक्षा भी हाल में की गई है। जिलों और संभागीय स्तर पर भी अफसरों का कामकाज देखा गया है,इसलिये कुछ पुलिस अधीक्षक और रेंज आईजी की मुख्यालय वापसी के भी आसार हैं।

## सैफ अली का हमलावर दास या शहजाद! झाड़ियों में छिपा मिला

मुंबई,एजेंसी

### कई सवाल अभी अनसुलझे



अभिनेता सैफ अली खान के घर जाकर हमला करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को आज तड़के ठाणे से गिरफ्तार किया है। सुबह पुलिस ने मीडिया को बताया कि आरोपी चोरी करने के इरादे से घर में घुसा था। उसके पास भारत का कोई वैध दस्तावेज नहीं है। उसके पास से जो चीजें मिली हैं, उसके आधार पर उसके बांग्लादेशी होने का शक है। पुलिस ने ये भी बताया कि आरोपी का असली नाम मोहम्मद शरीफुल इस्लाम शहजाद है, जिसकी उम्र 30 साल है। वह 5-6 महीने पहले मुंबई आया था। यहां वह हाउसकीपिंग एजेंसी में काम करता है। भारत में अवैध रूप से आने के बाद उसने अपना नाम विजय दास रखा। वह पहली बार सैफ के अपार्टमेंट में घुसा था। हालांकि, पुलिस ने यह साफ नहीं बता रही है कि इसी आरोपी ने हमला किया था या नहीं। मीडिया के इस सवाल पर कि- हमले के मामले में यह अकेला था या इसके साथ कुछ और लोग भी थे6 तो पुलिस ने कहा- जांच चल रही है। बताते हैं कि आरोपी वह ठाणे के एक बार में काम करता था. उसने अपने कई नाम बताए हैं, जिनमें- बिजॉय दास, विजय दास, मोहम्मद इलियास, मोहम्मद सज्जाद, बी.जे. शामिल हैं।

पुलिस का दावा है कि विले पार्ले थाने को लीड मिली थी,उसी आधार पर हीरानंदानी एस्टेट में टीसीएस कॉल सेंटर के पीछे मेट्रो निर्माण स्थल के पास लेबर कैंप में एक जॉइंट ऑपरेशन चलाकर आरोपी को पकड़ा। वह झाड़ियों में छिपा हुआ था। दास को झाड़ियों के अंदर सूखी घास और पत्तियों के नीचे सोते हुए पाया गया।

**न्यूज चैनल देख रहा था आरोपी**

पुलिस का कहना है कि आरोपी पिछले सात-आठ महीने से मुंबई और ठाणे में अलग-अलग जगहों पर काम कर रहा था. पिछले कुछ दिनों से वह एक ठेकेदार के साथ कंस्ट्रक्शन साइट पर काम कर रहा था। सैफ पर हमले व फरारी के दौरान वह लगातार न्यूज चैनल देख रहा था और पुलिस एक्शन को ट्रैक कर रहा था। गिरफ्तार होने के डर से उसने अपना फोन भी बंद कर दिया था। आरोपी के पास न तो आधार कार्ड मिला है, न वोटर आईडी कार्ड।




भोपाल, दोपहर मेट्रो। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज सुबह 'फिट इंडिया रन विथ इंडियन आर्मी' की भोपाल में हुई मैराथन में शामिल हुए। उनके साथ खेल मंत्री विश्वास सारंग भी थे।

## मोदी के मन की बात में इस बार रातापानी टाइगर रिजर्व का जिक्र



नईदिल्ली,एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज अपने मासिक रेडियो प्रोग्राम मन की बात में मप्र के रातापानी टाइगर रिजर्व का उल्लेख किया। मोदी ने कहा, हमारी संस्कृति और विरासत हमें आस-पास के पशु-पक्षियों के साथ प्यार से रहना सिखाती है। ये हम सभी के लिए बहुत खुशी की बात है, कि बीते दो महीनों में, हमारे देश में दो नए टाइगर रिजर्व जुड़े हैं। इनमें से एक है छत्तीसगढ़ में गुरु घासीदास-तमोर पिंगला टाइगर रिजर्व और दूसरा है मप्र का रातापानी टाइगर रिजर्व। मोदी ने 26 जनवरी को जिक्र करते हुए बताया कि देश में संविधान लागू होने के 75 साल पूरे हो रहे हैं। इसलिए यह गणतंत्र दिवस बहुत अहम है। उन्होंने संविधान सभा की कुछ खास ऑडियो क्लिप भी सुनवाई। इनमें डॉ. भीमराव आंबेडकर, डॉ. राजेंद्र प्रसाद और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का उस समय दिए गए भाषण के कुछ अंश थे। यह मन की बात का 118वां और साल 2025 का पहला एपिसोड रहा। पीएम मोदी ने बताया कि हर बार माह के आखिरी रविवार को मन की बात का प्रसारण होता है, लेकिन इस बार एक हफ्ते पहले प्रसारण हुआ।

## भीषण आग में चार जिंदा जले



गाजियाबाद,एजेंसी

उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले के लोनी में दर्दनाक हादसे में एक घर में आग लगने से तीन बच्चों समेत चार की मौत हो गई। जबकि दो झुलस गए हैं। परिवार में चार मौत होने से कोहराम मच गया। लोनी कोतवाली क्षेत्र के कंचन पार्क कॉलोनी में रविवार सुबह करीब छह बजे मकान की दो मंजिल में भीषण आग लगी थी। आग की चपेट में आने से तीन बच्चे जीशान, अयान, शान और महिला गुलबाहर की मौत हो गई। घटना में शाहनवाज, शाहनवाज की पत्नी आयशा, शाहनवाज के बेटे जान ने पड़ोसी की छत से कूद कर जान बचाई। दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया और शवों को बाहर निकाला। आग लगने के सही कारण का पता नहीं चल सका है।

**मेट्रो एंकर**

### दो साल पहले पांच छक्के से खुश होकर किया था वादा

# रिंकू की शादी सपा सांसद से, ठुमके लगाकर वादा निभाएंगे शाहरुख!

नई दिल्ली,एजेंसी

जौनपुर की मछली शहर लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी की युवा सांसद प्रिया सरोज और क्रिकेट टीम के सिक्सर किंग रिंकू सिंह की शादी में बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान ठुमके लगाने वाले हैं। इसे लेकर जौनपुर में जबर्दस्त उत्साह है। दरअसल क्योंकि आईपीएल में पांच छक्के लगाने के बाद केकेआर के मालिक शाहरुख ने रिंकू की शादी में डांस करने का वादा किया था। रिंकू ने बताया कि जब उन्होंने 2023 में केकेआर की तरफ से गुजरात टाइटंस के गेंदबाज यश दयाल की पांच गेंदों पर लगातार पांच छक्के मारकर टीम को जीत दिलाई थी, तब टीम के मालिक फिल्म अभिनेता शाहरुख काफी खुश थे। उन्होंने कहा था कि जिस तरह तुमने अपनी बल्लेबाजी से मुझे खुश किया है, उसी तरह तेरी शादी में डांस करके तुझे खुश करूंगा। अब रिंकू सिंह के पिता खानचंद ने बताया कि जल्द ही रिश्ता पक्का होगा व शादी लखनऊ में होगी। रिसेप्शन दिल्ली और अलीगढ़ में होगा। उन्होंने बताया कि पिछले दिनों प्रिया के पिता सपा विधायक तूफानी सरोज उनके नए घर पर आए थे। वहीं, रिश्ते की बातचीत हुई थी। हालांकि, सगाई नहीं हुई है। रिंकू सिंह की मामी सर्वेश कुमारी भी इस रिश्ते को लेकर खुश हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही रिश्ता पक्का हो जाएगा। गौरतलब है कि रिंकू की पारिवारिक पृष्ठभूमि बहुत मजबूत नहीं है। रिंकू सिंह के पिता खानचंद सामान्य दिनों की तरह कल भी ग्राहकों के घर गैस सिलिंडर पहुंचाने-लाने के काम में जुटे रहे। वह खुद दोपहर 12.30 बजे लोगों के घर से खाली सिलिंडर लेकर गैस गोदाम पहुंचे। सहयोगी के जरिये सिलिंडर वाहन से उतरवाया। इसके बाद गोदाम में बने क्वार्टर में खाना खाने चले गए। हालांकि अभी दोनो के रिश्ते पर सगाई के जरिए मुहर लगना बाकी है।



### फर्श से अर्श पर रिंकू

फर्श से अर्श पर पहुंचते ही भारतीय क्रिकेटर रिंकू सिंह के लिए शादी के रिश्ते भी आने लगे थे। चूंकि, रिंकू सिंह सविता समाज से आते हैं, इसलिए इसी समाज के एक बड़े अधिकारी और एक बड़े नेता के यहां से रिंकू सिंह के लिए रिश्ता आया था, लेकिन उन रिश्तों को परिजनों ने विनम्रता के साथ मना कर दिया था। सपा सांसद के रिश्ते की बात अलीगढ़ के खिलाड़ी से चलने पर सपाई खुश हैं। सपा के वरिष्ठ नेता विनोद सविता भी गैस गोदाम स्थित क्वार्टर पर बधाई देने पहुंचे थे, जहां रिंकू सिंह के माता-पिता रहते हैं।

## सैमसन को टीम में शामिल नहीं करने पर भड़के थरूर

नईदिल्ली,एजेंसी



आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम में संजू सैमसन को निराशा हाथ लगी इस पर कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने नाराजगी जताई है। थरूर ने इसके लिए केरल क्रिकेट संघ को जिम्मेदार ठहराया है। संजू का केसीए के साथ कथित पर विवाद हो गया था।संजू ने विजय हजारे ट्रॉफी 2024-25 की शुरुआत से पहले केरल टीम के प्रैक्टिस कैम्प को जॉइन करने में अनुपलब्धता व्यक्त की थी। इसके चलते उन्हें विजय हजारे ट्रॉफी के लिए केरल की टीम में नहीं सेलेक्ट किया गया था। अब संजू का नाम 15 सदस्यीय भारतीय टीम में शामिल नहीं है। इस टूर्नामेंट में भारतीय टीम की कप्तानी करेंगे रोहित शर्मा करेंगे, जबकि शुभमन गिल को उप-कप्तान बनाया गया है।

## रैंप वॉक



भोपाल, दोपहर मेट्रो। रविंद्र भवन में कायस्थम-2025 के तहत कायस्थ समाज की महिलाओं के बीच हुई परिधानम प्रतियोगिता में प्रसिद्ध टीवी कलाकार और कार्यक्रम की विशेष अतिथि सुश्री ऐश्वर्या खरे ने प्रतियोगी महिलाओं के साथ रैंप वॉक किया।

## लाल परेड मैदान पर गणतंत्र दिवस की तैयारी



भोपाल, दोपहर मेट्रो। लाल परेड मैदान पर 26 जनवरी को आयोजित होने वाली परेड के लिए शहर और आसपास से आए जवानों की रिहर्सल अब अंतिम चरण में है। रिहर्सल परेड में शामिल सभी पुलिसकर्मी गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर जोश से भरे नजर आए। यह रिहर्सल 24 जनवरी तक जारी रहेगी।

### गायत्री मंदिर की ओर यातायात होगा सुगम, जल्द तैयार होगी डीपीआर

# भोपाल हाट से 6 नंबर स्टॉप तक 2.55 करोड़ में इस साल बनेगा फ्लाईओवर

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

व्यापमं चौराहा पर भोपाल हाट से छह नंबर स्टॉप तक लाइओवर की रूपरेखा तैयार हो गई है। इस साल बजट में इस ब्रिज के लिए 2.55 करोड़ रुपए खर्च होंगे। ब्रिज की डीपीआर के साथ इसका जमीनी निर्माण नजर आएगा। अगले ढाई साल में ये तैयार होगा। इससे व्यापमं चौराहा पर ट्रैफिक निर्बाध होगा, तुलसी नगर से अरेरा हिल्स, एमपी नगर और यहां से पुराने शहर जहांगीराबाद की ओर व प्रेस कॉप्लेक्स, गायत्री मंदिर की ओर आवाजाही सुगम होगी।

### अगले चार माह में जमीनी काम होगा शुरू

विभाग के इंजीनियर्स के अनुसार बजट तय है। राज्य बजट के बाद निर्माण को शुरू करने की तैयारियां होंगी। एजेंसी चयन भी अंतिम चरण में है। गौरतलब है कि छह नंबर की ओर नगरीय प्रशासन विभाग का पालिका भवन समेत बड़ा आवासीय और व्यवसायिक क्षेत्र है। यहां रोड पर ट्रैफिक को रूकना पड़ता है। ब्रिज बनने के बाद जिसे अरेरा व पुराने शहर, एमपी नगर में गायत्री मंदिर की ओर जाना है, वह ब्रिज से आगे बढ़ जाएगा। इससे नीचे रोड का ट्रैफिक 50 प्रतिशत घट जाएगा।

### अभी पहाड़ी की ऊंचाई पड़ती है भारी

अभी व्यापमं चौराहा पर बिना रूके ट्रैफिक नहीं गुजर सकता। चौराहा पार करते ही शौर्य स्मारक के पास से 60 डिग्री से ज्यादा की ऊंचाई वाली चढ़ाई होती है। इसी तरह जब पहाड़ी से नीचे चौराहा की ओर आते हैं तो तेजी से ढलान पर गाड़ी चलती है, जिससे कई बार दुर्घटना की स्थिति बन जाती है। ऐसे में ब्रिज इस चढ़ाई को सुगम करेगा और अरेरा हिल्स व तुलसी नगर व आगे लिंक रोड नंबर दो पर भी यात्रियों को आसानी से पहुंचा देगा। भोपाल हाट के पास से छह नंबर स्टॉप तक लाइओवर बनाने जा रहे हैं। इससे लोगों को व्यापमं चौराहा तक राहत मिलेगी।





# किसान घर बैठे करा सकेंगे समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने पंजीयन

### कल 20 जनवरी से शुरू होंगे पंजीयन

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

किसान समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने के लिए घर बैठे पंजीयन करा सकेंगे। यह प्रक्रिया 20 जनवरी से शुरू होगी, जो 31 मार्च तक चलेगी। इसके अलावा शुल्क देकर भी पंजीयन कराने की व्यवस्था रहेगी। मंत्री गोविंद सिंह राजपूत के मुताबिक किसान स्वयं के मोबाइल और एमपी किसान एप के माध्यम से पंजीयन कराते हैं तो उन्हें किसी तरह का कोई शुल्क नहीं देना पड़ेगा। पंजीयन के लिए ग्राम पंचायत और जनपद पंचायत कार्यालयों के सुविधा केन्द्रें, तहसील कार्यालयों में, सहकारी समितियों एवं सहकारी विपणन संस्थाओं में निःशुल्क व्यवस्था भी कर दी है। वहीं एमपी ऑनलाईन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेन्टर कियोस्क, लोक सेवा केन्द्र और निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साइबर कैफे पर शुल्क देकर पंजीयन कराने होंगे।

**2425 रुपये मिलेंगे गेहूं के दाम:** किसानों को समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने के बदले प्रति क्विंटल 2425 रुपये मिलेंगे। वहीं सिकमी, बटाईदार, कोटवार एवं वन पट्टाधारी किसान के पंजीयन की सुविधा केवल सहकारी समिति एवं सहकारी विपणन सहकारी संस्था द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्रों पर उपलब्ध होगी। इस श्रेणी के शत-प्रतिशत किसानों का सत्यापन राजस्व विभाग द्वारा किया जाएगा। पूर्व वर्षों की किसी अपात्र संस्था में केन्द्र प्रभारी एवं ऑपरेटर को किसी अन्य संस्था में पंजीयन के लिए नहीं रखा जाएगा।

## छात्राओं ने जगदीशपुर का किला देखा

**हिरदाराम नगर.** संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज की छात्राओं ने जगदीशपुर का भ्रमण किया। जगदीशपुर (जिसे पहले इस्लामनगर कहा जाता था) भोपाल जिले में एक पंचायत गांव है। फंदा ब्लॉक में स्थित है । बता दे इस्लाम नगर पहले एक किलेबंद शहर था, जो कुछ समय के लिए भोपाल रियासत की राजधानी था । भोपाल के संस्थापक दोस्त मोहम्मद खान द्वारा बनवाए गए महलों के खंडहर आज भी इस जगह पर मौजूद हैं। भोपाल के शाही परिवार के अनेक सदस्यों का जन्म इस्लामनगर में हुआ। फरवरी 2023 में सरकार ने आधिकारिक तौर पर गांव का नाम बदलकर जगदीशपुर कर दिया। यहाँ के महलों की वास्तुकला एवं निर्माण तकनीकी हमें भारत की समृद्ध ज्ञान परंपरा का परिचय देती है। इतिहास गवाह है कि भोपाल की महिला शासक सिकंदर बेगम ने रीजेंट के रूप में सत्ता संभाली। हालाँकि, 1860 में सिकंदर बेगम को अंग्रेजों ने भोपाल के शासक के रूप में मान्यता दे दी। 1868 में उनकी मृत्यु के बाद उनकी बेटी शाहजहाँ ने भोपाल की बेगम के रूप में पदभार संभाला। एक महिला शासक के रूप में उनकी उपलब्धियां तारीफे काबिल थीं।

# मप्र कर्मचारियों के वेतन भत्ते बढ़ाने की मांग तेज

### केंद्र द्वारा आठवें वेतन आयोग की घोषणा का स्वागत

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

मध्यप्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चे मुख्यमंत्री कर्मचारियों के वेतन एवं भत्ते बढाये जाने हेतु आठवें वेतन आयोग की घोषणा किये जाने की मांग की है।साथ ही लिपिक संवर्ग सहित विभिन्न संवर्गों में पूर्व से चली आ रही वेतन विसंगति को भी दूर किये जाने तथा गृहभाडा भत्ता सातवें वेतन मान अनुसार पुनरीक्षित किये जाने की मांग की है। मोर्चे के संरक्षक जीपी माली, डीके यादव, भुवनेश पटेल, अजय श्रीवास्तव नीलू ,धर्मेंद्र सिंह चौहान, जितेंद्र सिंह, एल एन कैलासिया के साथ ही संयुक्त मोर्चे के अध्यक्ष एमपी द्विवेदी, संयोजक एस बी सिंह,, चंद्रशेखर परसाई, अनिल बाजपेई आदि ने प्रधानमंत्री एवं केन्द्र सरकार द्वारा किये गए आठवें वेतन आयोग की घोषणा का स्वागत किया है तथा आल इंडिया पब्लिक सर्विस इम्पलाईज फेडरेशन दिल्ली के राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय वीपी मिश्र का आभार व्यक्त किया है। उल्लेखनीय है कि मिश्र ने आठवें वेतनमान के गठन की मांग को लेकर केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से कई बार भेट की है तथा भारत सरकार के कैबिनेट सेक्रेटरी से भी इस पर मुलाकात कर आयोग कि गठन किए जाने हेतु काफी समय से लगातार प्रयास किए।



# लालघाटी, संतनगर में चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति देखी विधायक ने



### समय सीमा को लेकर दी अफसरों को हिदायत

**हिरदाराम नगर.** शनिवार को विधायक रामेश्वर शर्मा संतनगर के फाटक रोड व मुख्य मार्ग पर बन रहे डबल डेकर एलिवेटेड के निर्माण कार्य को देखा। साथ ही बीडीए कॉलोनी गुफा मंदिर के सामने सड़क निर्माण कार्य का भी जायजा लिया। विधायक रामेश्वर शर्मा ने फाटक रोड पर बन रहे फ्लाइओवर को मार्च तक पूरा करने की बात फिर दोहराई। पीडब्ल्यूडी द्वारा कार्य पूर्णतः की ओर है, लेकिन रेलवे के भाग में तेजी लाने की जरूरत है । शर्मा ने मुख्य मार्ग के फ्लाइओवर निर्माण कार्य का भी निरीक्षण करते हुए कहा कि कार्य की गति को बनाए रखें। बारिश से पहले जमीनी कार्य पूरा हो इसकी चिंता पीडब्ल्यूडी करें।

**15 दिन में पूरा करें नाली का काम:** शर्मा ने गुफा मंदिर के सामने बन रहे सड़क निर्माण कार्य के निरीक्षण के दौरान निर्देश कि अगले 15 दिनों में नाली का काम तेजी से करें, नाली निर्माण में छोटे बड़े अतिक्रमणों को सख्ती के साथ हटाएं। निर्माण में किसी भी प्रकार का कोई व्यवधान करने वालों पर कार्यवाही करें।

# सबनानी से मिले स्कूल संचालक, ज्ञापन सौंपा

### मान्यता नवीनीकरण के शर्तों से परेशानी रखी

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

मध्य प्रदेश प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ने अपनी मांगों को लेकर विधायक भगवानदास सबनानी को ज्ञापन सौंपा। मान्यता के नवीनीकरण की समस्या बताई गई है। सबनानी से रजिस्टर्ड किरायानामा की अनिवार्यता , सुरक्षा निधि 40 हजार रुपए की एफडी और नवीनीकरण शुल्क को अनिवार्यता को समाप्त करने की मांग की गई है। ज्ञापन को लेकर विधायक सबनानी ने शिक्षा मंत्री से चर्चा कर स्कूल संचालक को आश्वासन दिया कि वे शीघ्र ही मुख्यमंत्री से चर्चा करेंगे। ज्ञापन देने वालों में बैरागढ़ इकाई के साथ भोपाल के स्कूल संचालक भी शामिल थे। किरण वाधवानी कार्य वाहक अध्यक्ष मध्य प्रदेश प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन, राज बत्रा, हर्षिता शास्त्री, योगिता वाधवानी, रश्मि अग्रवाल, योगेश श्रीवास्तव, पदमसिंह मेवाड़ा, जानवी शर्मा ने स्कूल संचालकों की समस्याओं को रखा।



**मेट्रो एंकर**

### प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव : दूसरे दिन भी हुए आयोजन

# राम-सीता, लक्ष्मण व हनुमानलला नगर भ्रमण पर निकलेंगे

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

सैनिक कॉलोनी स्थित नुक्कड़ वाली माता मंदिर पर श्रीराम दरबार और श्री हनुमान महाराज की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में धार्मिक विधि विधान जारी है। दूसरे दिन शनिवार को मण्डप देवता आहवान, पूजन मूर्ति अधिवासन धन्याधिवास, घृताधिवास, शर्कराधिवास, अन्नाधिवास, पुष्पाधिवास, फलाधिवास, सर्वऔषधिवास किया गया। वेदाचार्य पंडित अनिल रूद्रजी के सानिध्य में ब्रह्मा हरिशंकर तिवारी, उज्जैन के आचार्य चैतन्य स्वरूप महाराज, गुफा मंदिर के आचार्य लेखराज शर्मा, मिथुन शर्मा, पंडित जीवन प्रसाद तिवारी, पंडित दीपक मिश्रा ने दूसरे दिन का विधान सम्पन्न कराया।

**हनुमानजी की महिमा का वर्णन:** रूद्रजी ने श्रीराम और श्री हनुमान महाराज की महिमा का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि जो मनुष्य सच्चे मन से श्रीराम नाम का जप करता है तो उसका लोक ही नहीं परलोक भी सुधर जाता है। मनुष्य जीवन बहुत दुर्लभ है और बहुत सत्कर्मों के बाद ही मनुष्य का जीवन मिलता है। कलियुग में मनुष्य का सबसे बड़ा सहारा राम नाम ही है।



**आज नगर भ्रमण:** प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के तीसरे दिन आज शाम 4 बजे श्रीराम, सीता, लक्ष्मणजी और श्री हनुमान महाराज जी नगर भ्रमण पर निकलेंगे। शोभा यात्रा में महिलाएं पीले वस्त्र धारण कर सिर पर कलश रखकर चलेगी। पंडित रवि पटेरिया ने बताया कि शोभा यात्रा नुक्कड़ वाली माता मंदिर से प्रारंभ होगी और शहर के प्रमुख मार्ग से होते हुए काली मंदिर से वापस नुक्कड़ वाली माता मंदिर पहुंचेगी। जहां पर भव्य स्वागत किया जाएगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। इस दिन आवाहित देवता पूजन, प्रधानदेवता, शांति होम, वस्त्राधिवास, मूर्तिमहास्नापन सहस्त्रकलशों द्वारा अभिषेक भी किया जाएगा। कलश यात्रा के बाद महान्यास, शैयाधिवास किया जाएगा।

### श्रीराम मंदिर की वर्षगांठ पर 21-22 को कार्यक्रम

बजरंग सेना समिति श्रीराम मंदिर की पहली वर्षगाठ के पर दो दिवसीय कार्यक्रम के बीच मनाएगी। 21 जनवरी को सुबह 10 बजे मो काली मंदिर हलालपुर में हनुमानजी को चोला चढ़ाया जाएगा। अर्चक पुरोहित राज कुमार गर्ग सानिध्य में चोला च?ाया जाएगा 22 जनवरी को श्रीराम रक्षा स्त्रोतम एवं श्रीराम स्तुति का पाठ एवं श्रीराम जी की आरती कर प्रसादी वितरण किया जाएगा।

### नपा सीएमओ और भाजपा पार्षदों के बीच काफी खींचतान जारी

# भाजपा ने किया सीएमओ का बहिष्कार तो सीएमओ ने लिया कांग्रेसियों का सहारा !

**प्रधानमंत्री के द्वारा स्वामित्व योजना के तहत प्रॉपर्टी कार्ड के वितरण में शामिल हुए सिर्फ कांग्रेसी पार्षद**





**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो**

इन दिनों सिवनी मालवा नगर पालिका में नगर पालिका की सीएमओ शीतल भलावी और भारतीय जनता पार्टी के पार्षदों के बीच काफी खींचतान चल रही है। सीएमओ जहां नगर पालिका में अपनी हिटलर साही चला रही हैं जिसके कारण नगर में विकास कार्य नहीं हो पा रहे हैं सही तरीके से शासन की योजनाएं भी क्रियान्वित नहीं हो पा रही है। नगर की जनता को जितने बुरे दिन नगर पालिका के अभी तक नहीं देखने को मिले हैं उतने बुरे दिन नगर पालिका के देखने को मिल रहे है।

हालात इस कदर बिगड़ चुके हैं कि भारतीय जनता पार्टी से निर्वाचित नगर पालिका उपाध्यक्ष सहित सभी पार्षदों ने सीएमओ शीतल भलावी का बहिष्कार करके रखा हुआ है। इसके बाद नगर पालिका सीएमओ ने भाजपा पार्षदों के बहिष्कार के बाद कांग्रेसी पार्षदों का सहारा लेना शुरू कर दिया है। भले ही कार्यक्रम में भाजपा के पार्षद कार्यक्रम में शामिल न हो लेकिन कांग्रेसी पार्षद इन कार्यक्रमों में शामिल होने लगे हैं।

सत्ता में भले ही भाजपा की सरकार हो सिवनी मालवा नगर पालिका में अध्यक्ष भी भाजपा के साथ साथ अधिकतर पार्षद भी भाजपा के हैं। लेकिन नगर पालिका कार्यालय की बात की जाए तो यहां पर कांग्रेसी पार्षदों का जलवा बरकरार है। कहां तो यहां तक जा रहा है कि नगर पालिका में भाजपा से ज्यादा कांग्रेसी पार्षदों की चलती है। भाजपा पार्षदों के काम भले ही ना हो पाए लेकिन कांग्रेस के पार्षद के काम ना हो पाना संभव ही नहीं है। इसके लिए सीएमओ और कांग्रेसी पार्षदों के बीच अच्छे संबंधों की बात भी यदा कदा सामने आती रही है। जब जब सीएमओ किसी मुश्किल में पड़ती है तो उन्हें कांग्रेस का सहारा मिल जाता है। ऐसे में चौक चौराहो पर चर्चा आम है कि भले ही सत्ता पर भाजपा का कब्जा है लेकिन नगर पालिका का प्रशासन कांग्रेस के हिसाब से ही चलता है।

शनिवार को नगर पालिका सभा कक्ष में आयोजित प्रधानमंत्री के द्वारा स्वामित्व योजना के तहत प्रॉपर्टी कार्ड के वितरण में सिर्फ कांग्रेसी पार्षद शामिल हुए। इस कार्यक्रम में कांग्रेसी पार्षद शामिल ही नहीं हुए बल्कि उन कुर्सियों पर प्रमुखता से उन्हें बिठाया गया जिन कुर्सियों पर अक्सर हम नगर पालिका अध्यक्ष और उपाध्यक्ष को बैठा देखते हैं। नगर पालिका सीएमओ शीतल भलावी खुद कांग्रेसी पार्षदों को कुर्सियां देकर खुद साइड की कुर्सी पर बैठी नजर आई। आप को बता दें की गणतंत्र दिवस की तैयारी को लेकर जनपद सभा कक्ष में आयोजित बैठक के दौरान जब एसडीएम सरोज सिंह परिहार से भाजपा पार्षद और सीएमओ के बीच चल रही खींचतान को लेकर सवाल किया गया था तो उन्होंने कहा था कि अभी तक तो ऐसा नहीं है लेकिन अगर ऐसा कुछ होगा तो हम आपसी सामंजस्य जैसे बनाकर सारी चीज सही करने का प्रयास करेंगे।

प्रधानमंत्री के द्वारा स्वामित्व योजना के तहत प्रॉपर्टी कार्ड के वितरण में कांग्रेसी पार्षदो में वार्ड क्रमांक 4 की पार्षद श्रीमती रचना लहरी, वार्ड क्रमांक 8 की पार्षद श्रीमती अनुराधा दीक्षित और वार्ड क्रमांक 12 की पार्षद सुनीता सूर्यवंशी सहित सीएमओ शीतल भलावी और नगर पालिका के वो कर्मचारी मलाईदार पदों पर बैठकर चांदी काट रहे हैं वो कर्मचारी अधिकारी उपस्थित रहे ।

### कालीपठार नई दिल्ली की घटना

# युवक की हत्या झाड़ियों में मिला शव सनसनी



**गंज बासौदा, दोपहर मेट्रो**

सिटी थानांतर्गत काली पठार नई दिल्ली क्षेत्र में एक युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। शनिवार सुबह के समय एक पुराने मकान के पास झाड़ियों में एक युवक का शव पड़ा हुआ दिखा। तो लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। जिसकी जानकारी मौजूद लोगो द्वारा सिटी थाना पुलिस को दी गई। जानकारी मिलने के बाद घटना स्थल पर सिटी थाना पुलिस पहुंची और जांच पड़ताल शुरू की। जिसमे शव की पहचान दिनेश अहिरवार 28 वर्ष निवासी नई दिल्ली के रूप में की गई। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार शुक्रवार शाम के समय मृतक दिनेश ओर उसके घर पास रहने वाले पड़ोसी के बीच लेन देन को लेकर विवाद हो गया था जिसके बाद शनिवार को सुबह दिनेश का शव झाड़ियों के पास पड़ा मिला। पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर शव का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए राजीव गांधी जनचिकित्सालय भेजा गया। एसडीओपी मनोज मिश्रा ने बताया कि ग्राम के लोगों ने बताया था कि मृतक दिनेश और आरोपी रामस्वरूप के बीच कल विवाद हो गया था जिसके बाद रामस्वरूप को तत्काल पकड़कर पूछताछ की गई। पूछताछ करने के दौरान आरोपी ने हत्या करना स्वीकार किया है।

# द चैम्प्स फन स्कूल में दो दिवसीय कार्निवल आयोजन की शुरुआत

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

द चैम्प्स फन स्कूल में दो दिवसीय कार्निवल का आयोजन किया गया, जिसका पहला दिन विभिन्न रचनात्मक प्रतियोगिताओं और सांस्कृतिक गतिविधियों से भरपूर रहा। इस दौरान सलाद डेकोरेशन, फायरलेस कुकिंग, स्लोगन प्रतियोगिता, फूड फिएस्टा, विज्ञापन प्रतियोगिता, और कल्चरल वॉक जैसे कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

कार्निवल कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित आर्ट एंड क्राफ्ट प्रदर्शनी का उद्घाटन रजत मिश्रा, क्षेत्रीय प्रबंधक सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने किया। जो छात्रों की रचनात्मकता और कला का अद्भुत प्रदर्शन था।

दिन की शुरुआत श्लोक गायन प्रतियोगिता से हुई जिसमें छात्रों ने अपने ज्ञान और उच्चारण से सभी को प्रभावित किया। इसके बाद सलाद डेकोरेशन, फायरलेस कुकिंग और फूड स्टॉल फिएस्टा जैसी रचनात्मक प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। कल्चरल वॉक में छात्रों ने अपने परिवार के साथ पारंपरिक वेशभूषा के साथ अपने आत्मविश्वास का प्रदर्शन किया।

पुरस्कार वितरण समारोह की शुरुआत माता सरस्वती की पूजन व दीप प्रज्वलन से हुई। इसके बाद सुबह आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि श्रीमति नीतू यादव




नगरपालिका अध्यक्ष, विशिष्ट अतिथि डॉ. अतुल सेठा, निदेशक सेठा मल्टीस्पेशलिस्ट हॉस्पिटल ने विजेताओं को मेडल्स और प्रमाण पत्र प्रदान किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रणव कुमार चटर्जी अध्यक्ष संज्ञा शिक्षा एवं समाज कल्याण समिति के ने बच्चों को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में द चैम्प्स फन स्कूल के प्राचार्य डॉ. आशीष चटर्जी, निदेशक सुभाशीष चटर्जी, श्रीमति जूही चटर्जी और श्रीमति मोना चटर्जी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। इनके साथ ही प्रतियोगिताओं के निर्णायक मंडल ने अपने निर्णयों से विजेताओं का चयन कर उन्हें सम्मानित किया। पहले दिन का समापन सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और पुरस्कार वितरण के साथ हुआ। सभी प्रतिभागियों और आयोजकों के प्रयासों से कार्यक्रम बेहद सफल और यादगार बना।

# नगर पालिका अध्यक्ष ने नागरिकों की सुविधा के लिए वार्ड 9 में सड़क निर्माण का भूमि पूजन किया

**सिवनी मालवा , दोपहर मेट्रो**

वार्ड क्रमांक 9 शाहिद पटेल कॉलोनी की सड़को का भूमिपूजन कार्यक्रम नगर पालिका के अध्यक्ष रितेश जैन नवागत जिला अध्यक्ष भाजपा श्रीमती प्रीति शुक्ला सहित समस्त भाजपा पार्षदों के कर कमलो से लाखों की लागत से बनने वाले सड़क निर्माण का भूमि पूजन संपन्न हुआ। वार्ड क्रमांक 9 के पार्षद सभापति ईश्वरदास जमींदार ने जानकारी देते हुए बताया कि शाहिद पटेल कॉलोनी जो कि बरसों पुरानी कॉलोनी में से एक है वहां के वार्डवासियों की बरसों पुरानी मांग सड़कों का निर्माण कराने की थी चुनाव के समय जनता ने जो मांगे रखी थी और हमने जो भी वादे किए थे उन सभी को धीरे धीरे पूरा करते हुए आज सड़क निर्माण का भूमि पूजन किया गया पार्षद जमींदार ने बताया कि इससे पूर्व जैसे ही हम पार्षद बने थे तब इन्हीं सड़कों पर



जहां अत्यधिक कीचड़ मचा रहता था लोगों का निकलना अत्यधिक मुश्किल था, वहां पर अर्थ वर्क और पुलिया डलवा कर इन सड़कों को आमजन के निकलने लायक बनाया था साथ ही साथ मुख्य सड़कों के बीच में पानी निकासी के लिए बहुत छोटे-छोटे पाइप लगे थे जिसके कारण थोड़ी सी ही बरसात में पुरी कॉलोनी में जल भराव हो जाता था वह भी हमारे पार्षद बनने के बाद ही उन सभी जगह पर बड़े-बड़े पाइप लगाकर पानी निकासी की व्यवस्था बनाई गई और 2 सालों से जल भराव की समस्या अत्यधिक कम हो गई है पार्षद श्री जमींदार ने इन सभी कामों को पूर्ण कराने के लिए नगर पालिका अध्यक्ष का विशेष धन्यवाद देते हुए वार्डवासियों की ओर से उनका ओर भाजपा सरकार का धन्यवाद आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन कमलेश लोवंशी ने किया और आभार वार्ड पार्षद सभापति ईश्वरदास जमींदार ने व्यक्त किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से नगर पालिका अध्यक्ष रितेश जैन भाजपा जिला अध्यक्ष वरिष्ठ पार्षद श्रीमती प्रीति शुक्ला नपा उपाध्यक्ष प्रतिनिधि शैलेंद्र गौर पार्षद प्रतिनिधि खेमचंद चौकसे पार्षद दीपक बाथव पार्षद प्रशांत यादव पार्षद दुर्गेश उईके पार्षद प्रतिनिधि तुलसीराम कुशवाहा महेश गोयल हंस बड़कुड़ कमलेश लोवंशी विनोद मालवीय कमलेश पटेल दिनेश साध श्रीमती सुधा रघुवंशी हरिओम राठौर विक्रम सूर्यवंशी राजा तिवारी तुषार लोवंशी अक्षय खटी छोटू धपाड़िया जितेंद्र लोवंशी सतीश सराठे ब्रज लोवंशी ऋषिकांत पटवा भोला मंशोरिया सागर पाल मानू लोवंशी गौरव मालवीय अमजद खान डब्बू वर्मा गौरव मालवीय रज्जू गौर राजेंद्र लोवंशी शिवम् लोवंशी अनुज लोवंशी चमन राठौर नीरज तिवारी विकास सोनी अभिषेक शुक्ला श्रीमती निधि रघुवंशी अभिषेक रघुवंशी अनुज लोवंशी शुभम वर्मा कपिल साथ विवेक लोवंशी दीपक साध इलू सोनी पत्रकारों में श्री नंदकिशोर व्यास संतोष चंदेल अमरदीप चौबे राजा तिवारी नरेंद्र रघुवंशी मुकेश धन्यासे सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं वार्डवासी उपस्थित थे।

# किडनी की बीमारी से पीड़ित मरीजों के लिए रोटरी क्लब ने निजी अस्पताल में मशीन स्थापित की

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

डायलिसिस के मरीजो के सहायतार्थ रोटरी क्लब द्वारा नगर के सेठ मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल में डायलिसिस मशीन की स्थापना की जा रही है. रोटरी क्लब के प्रवक्ता नरेंद्र गोयल द्वारा बताया गया कि किडनी के मरीजो को बार बार डायलिसिस करवाने पर होने वाले खर्च को देखते हुए रोटरी क्लब नर्मदापुरम के सदस्यो का इस बाबत कुछ मदद करने की दिल से इच्छा थी ।इस सम्बंध में डॉ. अतुल सेठा के सहयोग से क्लब द्वारा सेठा मल्टीस्पेशलिटी



हॉस्पिटल में डायलिसिस मशीन की स्थापना की गई है, जिसका शुभारम्भ 28.01.2025 को किया जा रहा है । यहाँ पर सभी मरीजो को डायलिसिस की सुविधा रियायती दरों (लगभग लागत कीमत पर) उपलब्ध करवाने की अनूठी पहल क्लब ओर डॉ.सेठा के सहयोग से की जा रही है । हमे विश्वास है कि हमारे इस प्रयास से किडनी के मरीजो के डायलिसिस करवाने पर पड़ने वाले आर्थिक बोझ को हम कुछ कम कर पाएंगे । डॉ. अतुल सेठा ने बताया कि आयुष्मान कार्ड के द्वारा भी डायलिसिस हो सके इस हेतु हमने परमिशन के लिए आवेदन किया हुआ है। इस अवसर पर डॉ. अतुल सेठा , अंबर सेठा , क्लब अध्यक्ष शील सोनी , सचिव समीर हर्णे , नरेंद्र गोयल , राजीव जैन , मनीष गुप्ता, विकास अग्रवाल , आशीष गुप्ता , अमित अग्रवाल , सुलभ अग्रवाल , आनंद चौधरी , संजय व्यास इत्यादि उपस्थित रहे ।

# डॉ. निगम विवेकानंद यूथ आइकॉन अवार्ड से सम्मानित

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

अमेरिका के शिकागो में दुनिया भर के धार्मिक नेताओं की मौजूदगी में हिन्दू धर्म का परिचय दुनिया को कराने वाले महान सन्त एवं दार्शनिक स्वामी विवेकान्द की 162 वीं जयन्ती 12 जनवरी को राजधानी दिल्ली के लाजपत ऑडिटोरियम में मनाई गयी । राधास्वामी सन्तमत मुख्यालय, स्वामी बाग, आगरा (उ. प्र.) के अनुयायी नर्मदापुरम निवासी डबल वर्ल्ड रिकार्ड होल्डर एवं ग्लोबल फेम अवार्ड विनर ग्रैंडमास्टर डॉ. अजय निगम को मुख्यअतिथि योद्धा मिलेट्री अकादमी मेरठ के निदेशक लेफ्टिनेंट कर्नल अमरदीप त्यागी एवं जितेन्द्र मणि त्रिपाठी आई.पी.एस. उप-निदेशक दिल्ली पुलिस अकादमी ने स्वामी विवेकानन्द यूथ आइकॉन अवार्ड 2025 से सम्मानित किया । इस अवसर पर अखिल भारतीय योग शिक्षक महासंघ के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष मंगेश त्रिवेदी एवं मोनिका शर्मा उपस्थित रहीं । विगत 38 वर्षों से नियमित योगाभ्यास को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बना चुके डॉ. निगम को पूर्व राष्ट्रपति मिसाइल मेन भारत रत्न डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम के 92 वें जन्मदिन 15 अक्टूबर 2023 को कान्सटीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया भवन, नई दिल्ली में सम्मानित किया जा चुका है ।




### मेट्रो एंकर | वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व के वन क्षेत्र में ट्रैप कैमरे लगाने की तैयारी शुरू*

# टाइगर रिजर्व में अब तीसरी आंख से होगी वन्यजीवों की आवाजाही की निगरानी

**तेंदूखेड़ा, दोपहर मेट्रो**

वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व के नौरादेही क्षेत्र के बाद अब दमोह क्षेत्र के टाइगर रिजर्व के जंगल को भी ट्रैप कैमरों से लैस किया जा रहा है। जिसका कार्य शुरू हो चुका है। यह कदम वन्य प्राणियों की सुरक्षा और उनकी प्रजातियों व संख्या का सटीक अनुमान लगाने के लिए उठाया। जा रहा है। वीडीटीआर प्रबंधन के अनुसार दमोह और नौरादेही दोनों क्षेत्रों के जंगलों को मिलाकर टाइगर रिजर्व में 1200 से अधिक ट्रैप कैमरे हो जाएंगे। इन कैमरों की मदद से न केवल बाघों और अन्य वन्य प्राणियों की गतिविधियों पर निगरानी रखी जाएगी, बल्कि जंगल में अवैध शिकार और अन्य अवैध गतिविधियों को रोकने में भी मदद मिलेगी। कैमरे लगने के बाद वन्य प्राणियों की दिनचर्या, उनकी आबादी, प्रजातियों की उपस्थिति के बारे में वैज्ञानिक तरीके से जानकारी जुटाई जा सकेगी इससे वन्यजीव संरक्षण के लिए प्रभावी रणनीतियां तैयार करने में मदद मिलेगी। अधिकारियों की मानें तो ट्रैप कैमरों का उपयोग आधुनिक तकनीक के रूप में किया जा रहा है। ये कैमरे वन्यजीवों की गतिविधियों को स्वतः रिकॉर्ड करते है, जिससे जंगल के हर





कोने में निगरानी की जा सकती है। दमोह वन मण्डल का जो क्षेत्र टाइगर रिजर्व में शामिल है, वहां सुरक्षा के सीमित इंतजाम हैं। इसी कारण पेड़ों की कटाई और वन्यजीवों के शिकार की घटनाएं यहां आम बात मानी जाती है। शिकारी लगातार सक्रिय रहते हैं।

#### उपयुक्त वन्य क्षेत्र की पहचान की जाएगी

रिजर्व के अधिकारियों के अनुसार वन्यजीवों के लिए जो जरूरी प्राथमिकताएं है, उनकी जांच कराने प्रक्रिया हो रही है। जिसमें यह देखना है कि वन्यजीवों के लिए पानी पीने कहां-कहां जलस्त्रोत हैं। वनक्षेत्र के किस हिस्से में अधिक शोरगुल पहुंचता है। अलग-अलग वन्यजीवों के लिए रहने, विचरण करने कौन सा क्षेत्र अधिक उपयुक्त है। उन क्षेत्रों को भी चिन्हित किया जाएगा, जहां शिकार की संभावनाएं हो सकती है, ताकि उन क्षेत्रो में विशेष तौर पर पेट्रोलिंग बढ़ाई जा सके। रिजर्व का अभी जो क्षेत्र है और नया जो क्षेत्र शामिल हो रहा है, उसमें भी अभी प्रारंभिक पेट्रोलिंग तो चल ही रही है लेकिन आगे पेट्रोलिंग को और अधिक बढ़ाया जाएगा

#### अभी यहां लगेंगे कैमरे, फिर बफर क्षेत्र में

वीडीटीआर प्रबंधन के मुताबिक टाइगर रिजर्व के दमोह वन मण्डल में झापन, मोहली और सिंगपुर रेंज में ट्रैप कैमरे लगाए जा रहे हैं। ये क्षेत्र पहले दुर्गावती सेंचुरी का हिस्सा थे, जो अब टाइगर रिजर्व का हिस्सा हैं। उम्मीद जताई जा रही है कि इन क्षेत्रों में इसी महीने कैमरे लग जाएंगे। जबकि दमोह के बफर एरिया में भी कैमरे लगाए जाने हैं, जो फरवरी-मार्च के दौरान लगेंगे। यानी गर्मियों से पहले ट्रैप कैमरे लगाने का काम पूरा हो जाएगा।

#### वन्यजीवों को खोजने में मिलेगी मदद

दुर्गावती टाइगर रिजर्व के डिप्टी डॉयरेक्टर डॉ. एए अंसारी ने बताया कि टाइगर रिजर्व के नौरादेही ब्लॉक में कैमरे लग चुके हैं, अब दमोह क्षेत्र में कैमरे लगाए जा रहे हैं। ये काम गर्मियों के पहले हो जाएगा। इसके बाद टाइगर रिजर्व में 1200 से ज्यादा कैमरे होंगे, इसका फायदा सुरक्षा के साथ ही वन्यजीवों की संख्या पता करने और नए वन्यजीवों को खोजने में मदद मिलेगी।

## नपाकर्मियों, जनप्रतिनिधियों एवं जनसहयोग से तालाब का जीर्णोद्धार



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

नगरपालिका कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों एवं जनसहयोग द्वारा तालाब के जीर्णोद्धार के लिए प्रत्येक शनिवार को श्रमदान किया जाता है। इसी श्रंखला में आज दिनांक 18.01.2025 को तालाब का जीर्णोद्धार हेतु नगरपालिका अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, जनप्रतिनिधी एवं जनसहयोग से तालाब की साफ सफाई एवं मरम्मत कार्य किया गया। इस अभियान का उद्देष्य न केवल तालाब को साफ स्वच्छ और सुंदर बनाना है बल्कि स्थानीय समुदाकय को भी पर्यावरण सरंक्षण के प्रति जागरूक करना है। इस अभियान में स्थानीय निवासियों की भी भागीदारी सुनिष्चित की गई है। जिससे वे अपने आस पास के वातावरण को सुधारने में योगदान कर सके। नगरपालिका सीएमओ रामप्रकाष साहू द्वारा प्रति शनिवार को तालाब सौंदर्यकरण में किये गये प्रयास को सभी के द्वारा सराहनीय बताया। इससे न केवल तालाब की सुंदरता बडेगी बल्कि शहर के पर्यावरण को भी सुधारने में मदद मिलेगी। अभियान की शुरूआत दिनांक 30.11.2024 को हुई थी तब से प्रत्येक शनिवार को नगरपालिका के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी एवं जनसहयोग द्वारा तालाब के जीर्णोद्धार में जूटे हुए है। इस अभियान में नगरपालिका के सीएमओ रामप्रकाष साहू एवं नगरपालिका अध्यक्ष मनमोहन साहू उपाध्यक्ष ने स्थानीय निवासियों से भी आव्हान किया है कि वे अपने शहर को स्वच्छ एवं संदर बनाने में योगदान करे।

## खाद्य सुरक्षा प्रशासन की टीम ने खाद्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण कर सैंपल एकत्रित किए

**सिरोंज।** कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में खाद्य सुरक्षा प्रशासन की टीम ने विदिशा शहर के खाद्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीमती एडलिन ई पन्ना ने चोपड़ा किला अंदर स्थित जीवन बेकरी का औचक निरीक्षण कर खाद्य पदार्थ अजवाइन कुकीज, पीनट कुकीज के नमूने जांच हेतु एकत्रित किए हैं तथा माधवगंज स्थित खुशाल ट्रेडर्स का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान खुशाल ट्रेडर्स पर गंदगी पाई गई। खाद्य सामग्री का रख रखाव सही ढंग से नहीं किए जाने के कारण सुधार हेतु सूचना पत्र जारी करने की कार्यवाही क्रियान्वित है और खाद्य पदार्थ उमंग घी, मूंग दाल, पोहा, नमस्ते इंडिया घी, शक्कर, आदि के नमूने जांच लिए गए हैं। उक्त नमूने राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजे जाएंगे। तदोपरांत खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम के तहत कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी। खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीमती एडलिन ई पन्ना ने बताया कि सभी खाद्य कारोबारकर्ता को सख्त निर्देश दिए गए बिना खाद्य पंजीयन लाइसेंस के व्यापार न करें। बिना खाद्य पंजीयन, लाइसेंस के खाद्य कारोबार करते पाए जाने पर खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम के तहत वैधानिक कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी।



### लिघोड़ा में विधायक ने 3987 परिवारों को भू-अधिकार पत्र सौंपे

# मोदी ने ग्रामीणों को भूमि का मालिक बनाकर उनको समृद्ध बनाया : शर्मा

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

शनिवार को ग्राम लिधौडा में आयोजित खंड स्तरीय शिविर में विधायक उमाकांत शर्मा ने प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना के अंतर्गत 54 पंचायतों के अंतर्गत 74 गांवों के 3987 ग्रामीण परिवारों को आवासीय पट्टों के वितरण कार्यक्रम में सहभागिता करते हुए लिघोदा पंचायत के एक सौ दस हितग्राहियों को अधिकार पत्रों का वितरण किया। इस अवसर पर आयोजित शिविर में विधायक शर्मा ने ग्रामीण क्षेत्र के नागरिकों के साथ दिल्ली से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं सिवनी से मुख्यमंत्री के लाइव भाषण को भी सुना।







कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक शर्मा ने कहा कि आजादी के बाद से अब तक सरकारी राजस्व के नक्शे में किसी भी गांव की आबादी को गोल घेरा करके दर्शा दिया जाता था। उसके पास न उस जमीन का कोई स्वामित्व होता था न भू अधिकार का सरकारी कागज। पूरे देशभर के ग्रामीण अंचलों में यह एक बड़ी समस्या बनी हुई थी अनेक सालों तक देश में राज करने वाली कांग्रेस सरकार ने भी कभी गांवों में रहने वाली जनता की इस बड़ी समस्या पर कभी विचार नहीं किया। लेकिन पंडित दीनदयाल उपाध्याय के समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति के कल्याण के मंत्र पर काम करने वाली भारतीय जनता पार्टी के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कुछ वर्षों पूर्व देश के प्रत्येक गाँव का ड्रोन से सर्वे करवा कर आबादी का नक्शा बनाने साथ गांव के आबादी क्षेत्र में रहने वाले प्रत्येक सामान्य, पिछड़े, अनुसूचित जाति ,जनजाति समाज के वह सभी परिवार जो पीढ़ियों से गांव में निवास करते हैं ऐसे सभी वंचित परिवारों को उनका मालिकाना हक देने की घोषणा की थी। देश की सरकार ने पहली बार गांव के नागरिकों को आवासीय भूमि का मालिक बनाकर उनको समृद्ध बनाने का काम किया है।

आज जब देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा प्रदेश के मुखिया मोहन यादव जी सीधे तौर पर पूरे देश प्रदेश में आवासीय भू अधिकार के पत्रक प्रदान कर रहें हैं तब मुझे प्रसन्नता हो रही है कि में भी अपनी विधानसभा क्षेत्र की सिरोंज तहसील के तीन हजार नौ सौ सत्तासी परिवारों को उनका मालिकाना हक दे रहा हूं। विधायक शर्मा ने कहा कि देश के संसाधनों पर पहला हक गरीबों का है और सरकार की योजनाओं का लाभ शत प्रतिशत उनको मिले ऐसा हमारा प्रयास रहता है। जैसे अभी तक आप अपनी कृषि भूमि के बदले बैंक से लेनदेन, तथा क्रय विक्रय करते हे उसी तरह अब आप लोगों के घर के अधिकार पत्र मिल जाने से बैंकों से कीमत का साठ प्रतिशत लोन राशि बैंकों से ले सकेंगे। इसके अलावा यह ड्रोन सर्वे गांव के समग्र विकास की योजनाओं को भी ध्यान में रखकर कराया गया हैं। आने वाले समय में ग्रामीण क्षेत्रों के विकास को लेकर बड़ी योजनाएं प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में तैयार की का रही है। इसके अलावा सबकी अपनी सीमाएं निर्धारित हो जाने से गांव के अनेकों विवादों का निराकरण भी स्वत हो जाएगा तथा गांव के आर्थिक विकास का रास्ता खुलेगा। हमारी सरकारें मोदी जी के नेतृत्व में पूरी ईमानदारी के साथ ग्राम स्वराज को जमीनी स्तर पर साकार करने का काम कर रही है अब गांव की आबादी के स्पष्ट नक्शे होने से विकास की भी स्पष्ट तैयारी हो सकेगी। कार्यक्रम में एसडीएम हर्षल चौधरी ने प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में किए जा रहे ड्रोन सर्वे के माध्यम से सीमाओं के निर्धारण तथा उससे होने वाले लाभ के विषय में विस्तृत रूप से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि हमारे पटवारी घर घर जाकर हितग्राही को उनके अधिकार पत्र सौंपने का काम कर रहे हैं। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जनपद अध्यक्ष पुष्पा यादव, विधायक प्रतिनिधि हमीर सिंह यादव, कैलाश शर्मा, जनपद सदस्य कलेक्टर सिंह यादव तहसीलदार संजय चौरसिया सहित लिधोडा पंचायत के काफी संख्या में नागरिकगण प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### गांव में नलजल योजना सरकारी हैंडपंपों की पूछताछ

कार्यक्रम के दौरान विधायक उमाकांत शर्मा ने आने वाले गर्मी के मौसम को देखते हुए पंचायत के लिघोडा, ग्वारी,महुआखेड़ा, चंद्राई गांव में नल जल योजना के माध्यम से वितरीत होने वाले जल आपूर्ति की समीक्षा भी की इसके अलावा जब उन्होंने पीएचई के मौजूद अधिकारियों से गांव के चालू सरकारी हैंडपंपों की जानकारी मांगी तो गोलमाल जवाब मिलने पर उन्होंने स्थानीय ग्रामीण के साथ अपने पीए को धरातल पर निरीक्षण करने के लिए भेजा। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को ग्रामीण क्षेत्रों का ध्यान रखना चाहिए। केवल शिकायतों के भरोसे नहीं बैठना चाहिए। उनको कहा कि आने वाले गर्मी के मौसम में गांवों की आबादी तथा पशुओं को पर्याप्त पेयजल की आपूर्ति हो सके इस दिशा में प्रशासन को अभी से काम करने के आवश्यकता है। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने ग्रामीणों की शिकायतों पर बिजली,राजस्व सहित अनेक विभागों की विभिन्न समस्याओं का मौके पर ही निराकरण कराया।

### प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना के मायने

इस योजना के अंतर्गत सरकारी रिकॉर्ड अनुसार गांव के आबादी क्षेत्रों में निवास करने वाले परिवारों के मकानों के अभी तक कोई सरकारी रिकॉर्ड नहीं होता था। सरकार ने ड्रोन के माध्यम से बारीकी से प्रतीक गांव का सर्वे करवाकर गांव की बसाहट के मुताबिक जिस परिवार का जितना कब्जा है उनको सर्वे के माध्यम से उतनी आवासीय भूमि का पट्टा बनकर प्रदान किया जाना है। इस योजना के माध्यम से एक तो हितग्राही को अपने मकान का मालिकाना स्वामित्व मिल गया इसके अलावा वह अब इस संपत्ति के आधार पर बैंकों से लेनदेन भी कर सकेंगे। इसके अलावा राजस्व रिकॉर्ड में गांव की आबादी दर्ज होने तथा उसके आसपास के एरिए की ड्रोन मैपिंग होने से प्रशासन को गांवों में स्कूल, आंगनबाड़ी, सड़क, पंचायत भवन, गौशाला तथा अन्य आगामी योजनाओं की प्लानिंग तथा क्रियान्वयन करने में सुविधा सहायता मिल सकेगी।

## सीएम हेल्पलाइन के तहत दर्ज आवेदनों के निराकरणों पर विशेष जोर प्रत्येक घंटे में रिपोर्ट देने के निर्देश

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**



विदिशा कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने सीएम हेल्पलाइन के तहत दर्ज आवेदनों के निराकरणो की समीक्षा की। जिसमें अद्यतन जानकारियां प्राप्ति के उपरांत स्वास्थ्य एवं शिक्षा एवं जिला पंचायत में पृथक-पृथक कंट्रोल रूम संचालित करने तथा नियुक्त नोडल अधिकारी को हरेक घंटे में समाधान की रिपोर्ट वाट्सअप ग्रुप में शेयर करने के निर्देश दिए हैं। उक्त प्रक्रिया जनवरी के प्राप्त आवेदनों को छोड़कर क्रियान्वित की जानी हैं।

कलेक्टर श्री सिंह ने जिले के ऐसे विभाग जिनमें सैकडो की संख्या में आवेदन लंबित है उन विभागो के अधिकारियों को दिवसवार निराकरण करने के लक्ष्य निर्धारित किए हैं उन्होंने कहा कि प्रदेश स्तरीय ग्रेडिंग रैकिंग सूची जारी होने से पहले जिला टॉप फाइव की सूची में शामिल रहे। निराकरण के मामलो में यदि कही जरा सी भी लापरवाही परलिक्षित हुई तो संबंधित कर्मचारी से पहले विभागीय अधिकारी के खिलाफ कार्यवाही होगी। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला बाल विकास विभाग और ग्रामीण विकास विभाग में सर्वाधिक कर्मचारी पदस्थ है और इन ही विभागो में सर्वाधिक समस्याएं लंबित है अतः औसतन निराकरण भी किया जाए तो एक दिन में सभी समस्याओं का समाधान संभव है इस और अधिकारीगण ध्यान नहीं दे रहे है यह परलिक्षित हो रहा है यदि प्रदेश स्तरीय फायनल रैकिंग सूची में जिला पिछडता है तो उन विभागो के अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक व आर्थिक दण्डात्मक कार्यवाही एक साथ की जाएगी। कलेक्टेऱ्ट के बेतवा सभागार में आयोजित इस बैठक में विभागीय अधिकारियों के द्वारा निराकरण की अद्यतन जानकारियां जो पोर्टल पर अपलोड है से अवगत कराया गया। बैठक में अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर सहित विभिन्न विभागो के अधिकारी मौजूद रहे।

### खरीफ उपार्जन तैयारियों का जायजा, पंजीयर्न 20 जनवरी से 31 मार्च तक

सिरोंज। विदिशा जिले में खरीफ उपार्जन विपणन वर्ष 2025-26 में गेंहू के उपार्जन हेतु किए जाने वाले प्रबंधो की तैयारियों को अंतिम रूप देने के उद्धेश्य से कलेक्टर रौशन कुमार सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई थी। कलेक्टेऱ्ट के बेतवा सभागार कक्ष में हुई इस बैठक में अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर, जिला आपूर्ति अधिकारी श्रीमती रश्मि साहू सहित अन्य विभागो के अधिकारी मौजूद रहें। बैठक में बतलाया गया कि समर्थन मूल्य पर उपार्जन कार्य के लिए पंजीयन अवधि 20 जनवरी से 31 मार्च तक की समय सीमा निर्धारित की गई है इस वर्ष गेंहू का समर्थन मूल्य 2425 रूपए प्रति क्विंटल घोषित किया गया है इस बैठक में पंजीयन व्यवस्था, नि:शुल्क व सशुल्क, रबी उपार्जन की जानकारी, विगत वर्ष गेंहू पंजीयन की जानकारी इस वर्ष प्रस्तावित पंजीयन केन्द्रो की जानकारियां प्रस्तुत की गई वहीं पंजीयन केन्द्र हेतु पात्र संस्थाओ के लिए निर्धारित मापदण्ड, चयन प्रक्रिया पंजीयन के लिए आवश्यक दस्तावेंज, भूमि स्वामी पंजीयन की प्रक्रिया, सिकमी बटाईदार पंजीयन की प्रक्रिया, डाटा संशोधन मिलान की कार्यवाही, दावा आपत्तियां, भूमि का सत्यापन इत्यादि बिन्दुओं के अलावा उपार्जित फसलो के भुगतान हेतु बैंक खाता संकलन, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के दायित्व, उपार्जन ऐजेन्सी मध्यप्रदेश स्टेट सिविल सप्लाई के दायित्व इत्यादि की जानकारियां पावर प्रेजेन्टेशन के के माध्यम से प्रस्तुत की गई।



## रंगोली के माध्यम से नशा मुक्त के प्रति किया जागरूक

**गंजबासौदा, दोपहर मेट्रो**

शासकीय संजय गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा शासन के निर्देशानुसार नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत रंगोली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस रंगोली के माध्यम से महाविद्यालय को नशा मुक्त करने का प्रयास किया गया। महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को नशे के दुष्प्रभाव के बारे में समझाया गया। जिससे छात्र-छात्राएं नशे का त्याग करें तथा नशे के संपर्क में कभी ना आएं। नशे से व्यक्ति के सामाजिक, आर्थिक, शारीरिक मानसिक समस्त प्रकार की गिरावट आती है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर मणि मोहन मेहता के मार्गदर्शन में हुआ।




इस रंगोली के अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य के साथ-साथ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नरेंद्र कुमार, घनश्याम चौकसे सहित अन्य स्टाफ भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का नेतृत्व वरिष्ठ स्वयंसेवक सृष्टि तिवारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में शैली विश्वकर्मा, रवि राय, धर्मेंद्र गुर्जर, वैशाली यादव, नैंसी रघुवंशी, पलक राजपूत, दुर्गेश, संजना, आदि स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

### विदिशा से अहमदपुर तक 50 करोड़ की लागत से बनेगा रोड : विधायक टंडन

**सिरोंज।** विधायक मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान अंतर्गत विदिशा जिले की ग्राम पंचायत बरखेड़ा कछवा, परसोरा हवेली और हांसुआ में आयोजित शिविर का शुभारंभ विदिशा विधायक श्री मुकेश टंडन ने दीप प्रज्वलन कर किया ।विधायक श्री टंडन ने केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे मं क्षेत्र वासियों को अवगत कराते हुए जन समस्याओं को भी सुना ग्रामीणों की समस्याओं के निराकरण के लिए उन्होंने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। विधायक श्री टंडन ने ग्राम हाँसुआ में कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा की अब ग्रामीणजनो को आने जाने में परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा क्योंकि जल्द ही विदिशा से अहमदपुर कस्बा तक 50 करोड़ की लागत से रोड बनने जा रहा है।



**मेट्रो एंकर** सहकारी संस्था इफको द्वारा नैनो उर्वरक आधारित फसल संगोष्ठी का आयोजन किया गया

# किसानों को सलाह नैनो यूरिया, डीएपी, सागरिका एवं जैव उर्वरकों का उपयोग करें

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**


विदिशा जिले के गुलाबगंज में विश्व की सबसे बड़ी सहकारी संस्था इफको द्वारा नैनो उर्वरक आधारित फसल संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में इफको के राज्य विपणन प्रबंधक डॉ. डी. के. सोलंकी, उपसंचालक कृषि के एस खपेड़िया, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक विदिशा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विनय प्रकाश सिंह, डीडीएम नाबार्ड श्रीमती जगप्रीत कौर, जिला विपणन अधिकारी कल्याण सिंह ठाकुर, तहसीलदार श्रीमती पलक पीडिहा, कार्यक्रम में शाखा गुलाबगंज के शाखा प्रबंधक पर्यवेक्षक एवं सभी समिति प्रबंधकों सहित 500 से अधिक किसानों ने भाग लिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए इफको के राज्य विपणन प्रबंधक डॉ. डी.के. सोलंकी ने कहा कि किसान भाई नैनो यूरिया, नैनो डीएपी, सागरिका एवं जैव उर्वरकों का अधिक से अधिक उपयोग करें जिससे मिट्टी और पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाने के साथ ही खेती में लागत को कम किया जा सके। उन्होने मृदा स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए किसानों को मिट्टी परीक्षण एवं संतुलित उर्वरक प्रयोग की सलाह दी। उन्होंने बताया कि इफको द्वारा मध्य प्रदेश में लगभग हर जिले में ग्रामीण बेरोजगार युवकों को ड्रोन भी उपलब्ध कराया गया है जिससे किसान भाई अपनी फसलों में नैनो यूरिया, नैनो डीएपी एवं विभिन्न प्रकार के कृषि रसायन का आसानी से स्प्रे कर सकें। उपसंचालक कृषि के एस खपेड़िया ने किसानों को सही बीज दर से बोवनी करने की सलाह दी। उन्होंने अधिक बीज दर पर चिंता जताई एवं कहा कि इससे किसानों को आर्थिक नुकसान होने के साथ ही फसलों में कई प्रकार की बीमारियां भी आ रही हैं। उन्होंने खेती में रासायनिक उर्वरकों के उपयोग को आधा करके नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी के उपयोग की सलाह दी।




जिला सहकारी केंद्रीय बैंक विदिशा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विनय प्रकाश सिंह ने कृषकों के लिए ऋण वितरण व्यवस्था एवं जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के लाभकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। डीडीएम नाबार्ड श्रीमती जगप्रीत कौर ने किसानों को खेती में नवीन तकनीक अपनाने की सलाह दी। राज्य कार्यालय इफको से श्री संतोष रघुवंशी ने किसानों को विशिष्ट उर्वरक, नैनो यूरिया, नैनो डीएपी के तकनीकी उपयोग, खेती में ड्रोन के उपयोग एवं इफको किसान उदय एप के बारे में जानकारी दी। इफको-एमसी मध्य प्रदेश के रीजनल मैनेजर विजय कुमार द्विवेदी ने गेहूं,मसूर और चना में लगने वाले कीट एवं रोगों के प्रबंधन के बारे में जानकारी देते हुए इफको-एमसी के उत्पादों के प्रयोग करने की सलाह दी। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन इफको विदिशा के क्षेत्रीय अधिकारी कुमार मनेंद्र द्वारा किया गया।

# परीक्षा की घड़ी में माता-पिता भी हो साथ




**बच्चे को दें स्पेस :** विनम्र रहें लेकिन साथ ही साथ तटस्थ। हर दो घंटे की लगातार पढ़ाई के बाद 20 मिनट का ब्रेक जरूरी है। आप स्वयं भी अपना स्क्रीन टाइम कम रखें व ज्यादा से ज्यादा समय बच्चे के साथ बिताएं। बच्चे को थोड़ा स्पेस और स्वतंत्रता देना जरूरी है, ताकि वह अपने तरीके से पढ़ाई कर सके। अत्यधिक निगरानी से वह घबराया हुआ महसूस करेगा। ध्यान रखें कि बच्चा अपना समय प्रबंधन सही तरीके से करे। उसके सोने और उठने के समय पर ध्यान दें। बच्चे को समय प्रबंधन के तरीकों जैसे कि समय सारिणी बनाना व प्राथमिकताएं निर्धारित करना सिखाएं। कोशिश करें कि रात का भोजन परिवार के सदस्य के साथ ही करे। उस दौरान बच्चे को रिलैक्स होने का मौका दें। यह समझना जरूरी है कि हर बच्चे की क्षमता भिन्न होती है।

*बच्चों की परीक्षा का समय नजदीक आ रहा है। इस समय जबकि बच्चों को आपकी सबसे अधिक जरूरत होती है। जितना अधिक आप बच्चे को सपोर्ट करेंगे बच्चा परीक्षा में उतना ही बेहतर प्रदर्शन कर पाएगा। यह बच्चे के साथ आपकी भी परीक्षा है। परीक्षा के दौरान माता-पिता का सहयोग और समर्थन बच्चे के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होता है लेकिन उनकी कुछ गलतियां ऐसी हो जाती हैं जो बच्चे के मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डालती हैं जैसे बच्चे पर अत्यधिक दबाव डालना, अत्यधिक निगरानी रखना, बच्चे की शारीरिक और मानसिक स्थिति को नजरअंदाज करना, अपनी इच्छाएं बच्चे पर थोपना, दोस्तों के साथ उसकी तुलना करना, आवश्यकता से अधिक सलाह देना आदि। इससे बच्चे का आत्मविश्वास कम होता है और वह खुद को विफल महसूस कर सकता है।*

## बच्चों को चाहिए आपका साथ

केवल परीक्षा के दौरान ही नहीं बल्कि जिंदगी के हर पल में बच्चे को आपके साथ की जरूरत होती है। जरूरत इस बात की है कि आप उसकी भावनाओं को समझें और उसे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करें। भावनात्मक समर्थन जरूरी- बच्चे से बात करने के लिए समय निकालें ,उनकी चिंताएं सुनकर उसका मन हल्का करने में मदद करें व उसे आश्वस्त करें कि परीक्षा में उसका प्रदर्शन अच्छा रहेगा। उसकी बातों पर तुरंत कोई प्रतिक्रिया देने की बजाय, धैर्य से उसे सुनें। आधी समस्या तो इसी से हल हो जाएगी। बच्चा अपनी समस्याएं आप से छुपाने की बजाय,साझा करना चाहेगा। बच्चे को ध्यान और प्राणायाम करने के लिए भी प्रेरित करें। यदि आप नौकरीपेशा या प्रोफेशनल हैं, तो यह सुनिश्चित करें कि आप अपनी दिनचर्या को इस तरह व्यवस्थित करेंगे जिससे बच्चे के लिए आपके पास पर्याप्त समय हो। ध्यान रखें कि बच्चा सोशल मीडिया पर और अपने दोस्तों से बात करने में समय व्यर्थ न गवाए। गुस्सा करने की बजाय प्यार से बच्चे को समझाएं कि जब वह पढ़ाई से ब्रेक ले, उसी दौरान यह सब करे।

### स्पिन ऑलराउंडर्स के भरोसे चुनौती पेश करेगी भारतीय क्रिकेट टीम

# आज से चैंपियंस ट्रॉफी शुरू, पहला मैच पाकिस्तान व न्यूजीलैंड के बीच

**मुंबई. एजेंसी**

लंबे इंतजार के बाद भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की चयन समिति ने शनिवार को 19 फरवरी से शुरू होने वाली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए 15 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा कर दी है। वहीं सीरिज में पहला मैच पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच खेला जाएगा। वहीं टीम घोषित होने से पहले कप्तान रोहित शर्मा और मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने करीब चार घंटे तक बैठक की। चैंपियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम अपने मुकाबले पाकिस्तान नहीं बल्कि दुबई में खेलेगी, जहां की विकेट धीमी और स्पिनरों की मददगार होती है। ऐसे में चयनकर्ताओं ने स्पिन ऑलराउंडरों पर ज्यादा फोकस किया और चार स्पिनरों को टीम में जगह दी। यही 15 सदस्यीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ छह फरवरी से शुरू होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज में उतरेगी। यह चैंपियंस ट्रॉफी से पहले टीम के लिए तैयारी का अच्छा मौका होगा।

**मीडियम पेसर ऑलराउंडर नहीं होने पर अफसोस जताया:** रोहित ने हालांकि अफसोस जताया कि टीम के पास हार्दिक पांड्या के अलावा और कोई मीडियम पेसर ऑलराउंडर नहीं है, जो हमारे लिए दुर्भाग्यपूर्ण है। टीम के पास नीतिश कुमार रेड्डी के रूप में एक विकल्प था, लेकिन नीतीश की गेंदबाजी पर अभी चयनकर्ताओं को विश्वास नहीं है। ऐसे में उन्हें बैकअप खिलाड़ी के तौर पर शामिल किया गया है।

**मोहम्मद सिराज को क्यों किया बाहर?:** हम ऐसा गेंदबाज चाहते थे, जो नई गेंद से प्रभाव छोड़ पाए। दुर्भाग्य से पिछले कुछ समय से सिराज नई गेंद से प्रभावशाली साबित नहीं हुए हैं। इस कारण हमने अर्शदीप सिंह को चुना है, जिनका प्रदर्शन नई गेंद से अच्छा रहा है।

## वनडे टूर्नामेंटः 15 सदस्यीय भारतीय टीम का ऐलान टीम में चार स्पिन गेंदबाजों को किया शामिल



### बुमराह फिट नहीं फिर भी उन्हें मौका

हम बुमराह के फिट होने का इंतजार कर रहे हैं। बोर्ड की मेडिकल टीम उनकी फिटनेस पर नजर बनाए हुए है। फरवरी की शुरुआत में उनकी फिटनेस पर अपडेट मिल जाएगा। वे इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो वनडे मैच नहीं खेल पाएंगे। हर्षित राणा उनके कवर के तौर पर रहेंगे।

### शुभमन गिल को उपकप्तानी क्यों?

हम ड्रेसिंगरूम से फीडबैक लेते हैं, जो बेहद जरूरी है। आप हमेशा विकल्प खुले रखते हैं लेकिन हर कोई टीम को लीड नहीं कर सकता। हम हमेशा उन खिलाड़ियों पर नजर रखते हैं, जिनके अंदर अगुआई करने की क्षमता होती है।

### बल्लेबाजी में पर ही फोकस

चयनकर्ताओं ने रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, वशिंगटन सुंदर और कुलदीप यादव को टीम में शामिल किया है। इसमें कुलदीप के अलावा अन्य तीनों शानदार बल्लेबाज भी हैं। कप्तान रोहित ने कहा, जब इस तरह के स्पिन ऑलराउंडर आपकी टीम में होते हैं तो आपकी बल्लेबाजी को गहराई मिलती है। युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को पहली बार भारतीय वनडे टीम में जगह मिली है।

### रोहित शर्मा खेलेंगे रणजी, विराट कोहली व राहुल नहीं

रोहित ने स्पष्ट किया कि वे जम्मू-कश्मीर के खिलाफ 23 जनवरी से होने वाले रणजी ट्रॉफी मैच में खेलेंगे। वहीं विराट कोहली व केएल राहुल रणजी मैच नहीं खेलेंगे। रोहित ने कहा, पिछले 6-7 सात सालों से अगर हमारा कैलेंडर देखें तो ऐसा कभी नहीं हुआ कि हमने 45 दिन तक घर पर बिताए हों। हमारा घरेलू सत्र अक्टूबर से मार्च तक चलता है। जो खिलाड़ी सभी प्रारूप में भारत के लिए नहीं खेल रहे वे घरेलू क्रिकेट खेल सकते हैं।

### फाइनल में नहीं चले करुण नायर; स्मरण ने शतक लगाया

# कर्नाटक ने 5वीं बार विजय हजारे ट्रॉफी जीती, विदर्भ को 36 रन से हरा दिया



**वडोदरा. एजेंसी**

कर्नाटक ने 5वीं बार विजय हजारे ट्रॉफी का खिताब जीत लिया। टीम ने रविवार को पहली बार फाइनल खेल रही विदर्भ को 36 रन से हराया। वडोदरा में कर्नाटक ने पहले बैटिंग करते हुए 6 विकेट खोकर 348 रन बनाए। जवाब में विदर्भ 312 रन ही बना सका। सीजन में 5 शतक लगाने वाले विदर्भ के कप्तान करुण नायर 27 रन ही बना सके। ओपनर ध्रुव शोरे ने सेंचुरी लगाई, लेकिन वह अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके। कर्नाटक से मिडिल ऑर्डर बैटर रविचंद्रन स्मरण ने 101 रन की पारी खेली। टीम से प्रसिद्ध कृष्णा, वासुकी कौशिक और अभिलाष शेट्टी ने 3-3 विकेट लिए।

कर्नाटक ने 3 विकेट जल्दी गंवाए कोटाम्बी स्टेडियम में विदर्भ ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। कर्नाटक की शुरुआत खराब रही, टीम ने 67 रन पर 3 विकेट गंवा दिए। कप्तान मयंक अग्रवाल 32, देवदत्त पडिक्कल 8 और केवी अनीश 23 ही रन बना सके। स्मरण ने फिर विकेटकीपर कृष्णन श्रीजीत के साथ पारी संभाली। दोनों ने टीम का स्कोर 200 के पार पहुंचा दिया। स्मरण की सेंचुरी, श्रीजीत ने फिफ्टी लगाई श्रीजित 78 रन बनाकर आउट हुए, उन्होंने स्मरण के साथ चौथे विकेट के लिए 160 रन की पार्टनरशिप की। स्मरण ने सेंचुरी लगाई और टीम का स्कोर 300 के पार पहुंचाया। उन्होंने अभिनव मनोहर के साथ पांचवें विकेट के लिए 106 रन जोड़े। स्मरण ने 101 रन बनाए, वहीं मनोहर 79 रन बनाकर आउट हुए। कर्नाटक से आखिर में हार्दिक राज ने 12 और श्रेयस गोपाल ने 3 रन बनाए और स्कोर 348 रन तक पहुंचा दिया। विदर्भ से दर्शन नालकंडे और नचिकेत भुते ने 2-2 विकेट लिए। यश ठाकुर और यश कदम को 1-1 सफलता मिली। विदर्भ से ध्रुव को नहीं मिला किसी का साथ 349 रन के टारगेट के सामने विदर्भ ने 6 के रन रेट से बैटिंग की। ओपनर ध्रुव शोरे एक एंड पर टिक गए, लेकिन उनके सामने लगातार विकेट गिरने लगे। यश राठौड़ 22, करुण नायर 27, यश कदम 15, विकेटकीपर जितेश शर्मा 34 और शुभम दुबे 8 ही रन बनाकर आउट हो गए। ध्रुव के विकेट से खत्म हुई विदर्भ की उम्मीदें ध्रुव शोरे ने सेंचुरी लगाई, वह 110 रन बनाकर आउट हुए।

**मनोरंजन** **बॉलीवुड का कोना**

## गोली लगने की घटना को याद कर छलके राकेश रोशन के आंसू, भाई राजेश बोले- वह बहुत मजबूत इंसान

राकेश रोशन ने हाल ही में डॉक्यू सीरीज 'द रोशंस' में उन्हें गोली मार देने वाली दर्दनाक घटना पर बात की। राकेश ने भावुक होते हुए कहा, कहो ना प्यार है के बारे में खबरें आ रही थीं कि आज यहां चल रही है, आज इतना कलेक्शन हुआ, आज उतना कलेक्शन हुआ। उन्होंने कहा ये सारी बातें मुझे बहुत प्रभावित करती थीं। इसी वजह से मैंने इन चीजों से बाहर निकलने का फैसला किया। राकेश की पत्नी पिंकी रोशन ने उस समय के मानसिक संघर्ष को साझा करते हुए कहा, यह बहुत ही कठिन समय था। एक ही वक्त में दो अलग-अलग भावनाओं को संभालना मुश्किल था। बेटी सुनैना ने कहा ओ माय गॉड, ऋतिक एक रात में स्टार बन गए और पापा को गोली मार दी गई। ये दोनों घटनाएं ऐसी थीं, जिन पर विश्वास नहीं हो रहा था। राकेश के भाई राजेश रोशन ने कहा, वह बहुत मजबूत इंसान हैं। उन्हें गोली लगी थी और खून बह रहा था। फिर भी वह पुलिस स्टेशन गए और उन लोगों को पकड़ने की बात कही, जिन्होंने यह हमला किया था। यह घटना 2000 में मुंबई के एक व्यस्त इलाके में घटी थी। उस समय 'कहो ना... प्यार है' को रिलीज हुए सिर्फ एक हफ्ता ही हुआ था। राकेश रोशन पर हमलावरों ने दिन-दहाड़े गोली चलाई, जिससे उन्हें दो गोलियां लगीं।

## दूसरे दिन भी धीमी रही कंगना की 'इमरजेंसी' की रफ्तार, अब मेकर्स को रविवार से आस

इमरजेंसी से पहले कंगना की सबसे बड़ी ओपनिंग जनवरी 2020 में, महामारी से पहले अश्विनी अय्यर तिवारी की निर्देशित स्पोर्ट्स ड्रामा पंगा के साथ आई थी, जिसने 2.70 करोड़ रुपये कमाए थे। कंगना रनौत की बहुप्रतीक्षित सोलो निर्देशित फिल्म इमरजेंसी कई देरी के बाद आखिरकार इस शुक्रवार को सिनेमाघरों में आ गई। मामूली संख्या के साथ ओपनिंग करने के बावजूद, यह फिल्म महामारी के बाद पिछले पांच सालों में कंगना की सबसे बड़ी बॉक्स-ऑफिस ओपनिंग रही है। आइए जानते हैं कि फिल्म ने दूसरे दिन कितनी कमाई की है। सैकनिल्क के अनुसार, इमरजेंसी ने पहले दिन 2.35 करोड़ रुपए कमाए। कंगना की पिछली सोलो रिलीज से तुलना करें तो यह ओपनिंग सबसे ज्यादा है। इसकी तुलना में, सर्वेश मेवाड़ा की निर्देशित कंगना की 2023 की एरियल एक्शन फिल्म तेजस ने मामूली 1.25 करोड़ रुपये की कमाई की, जबकि रजनीश घई की निर्देशित उनकी 2022 की एक्शन फिल्म धाकड़ ने अपने शुरुआती दिन 1.20 करोड़ रुपये की कमाई की थी। बात करें दूसरे दिन की तो फिल्म ने रिलीज के दूसरे दिन 2.32 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। इस तरह फिल्म का कुल कलेक्शन 4.82 करोड़ रुपये हो गया है। फिल्म के दूसरे दिन की कमाई को देखकर ऐसा लगता है कि वीकेंड पर भी फिल्म रफ्तार पकड़ने में असफल ही रही है। इमरजेंसी से पहले कंगना की सबसे बड़ी ओपनिंग जनवरी 2020 में, महामारी से पहले अश्विनी अय्यर तिवारी की निर्देशित स्पोर्ट्स ड्रामा पंगा के साथ आई थी, जिसने 2.70 करोड़ रुपये कमाए थे। चेन्नई में फिल्म को सबसे ज्यादा दर्शक मिले, जहां 25 फीसदी दर्शक थे, उसके बाद मुंबई में 23.75न्न दर्शक थे। इमरजेंसी 1975 से 1977 तक भारत में आपातकाल के दौर की पृष्ठभूमि पर आधारित है, यह वह समय था जब नागरिक अधिकारों और प्रेस की स्वतंत्रता पर गंभीर प्रतिबंध लगाए गए थे।

*कार्तिक आर्यन ने हाल ही में करण जौहर के साथ अपने रिश्ते के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि उनका और करण का रिश्ता एक तरह से प्यार और नफरत का है। दरअसल, मुंबई में हुए इवेंट में कार्तिक आर्यन पहुंचे थे। इस दौरान जब उन्हें करण जौहर के साथ उनकी एक तस्वीर दिखाई गई, तो वे हंस पड़े। इसके बाद कार्तिक ने कहा, इस पर क्या बोलूं? मुझे लगता है कि करण के साथ मेरा प्यार और नफरत वाला रिश्ता है। यह तस्वीर उसी को बयां करती है। कार्तिक ने याद करते हुए बताया कि यह फोटो उस वक्त की है जब उन्होंने 'दोस्ताना 2' पर काम करना शुरू किया था। उन्होंने कहा, %यह वो पल था जब हमने अपनी पहली फिल्म साइन की थी। कार्तिक की मानें तो वे फिर से करण जौहर के साथ काम कर रहे हैं। उनकी फिल्म का नाम तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी है, जिसे धर्मा प्रोडक्शंस बना रहा है और समीर विधवांस इसे डायरेक्ट कर रहे हैं।*



## कार्तिक आर्यन बोले- मेरे और उनके बीच लव-हेट का रिश्ता, 'दोस्ताना 2' के दौरान थीं अनबन की खबरें

***दोस्ताना 2 के दौरान आई थीं अनबन की खबरें:*** *बता दें, साल 2021 में ऐसी खबरें आई थीं कि दोस्ताना 2 की मेकिंग के दौरान कार्तिक आर्यन और करण जौहर के बीच अनबन हो गई थी। इसके बाद यह खबर आई कि कार्तिक को फिल्म से निकाल दिया गया। इसके बाद धर्मा प्रोडक्शंस ने सोशल मीडिया पर एक स्टेटमेंट जारी किया, जिसमें कहा गया कि फिल्म बंद कर दी गई है और नई कास्ट के साथ फिर से शूटिंग की जाएगी। फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी है' एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है। इसमें कार्तिक आर्यन के साथ लीड एक्ट्रेस के तौर पर कौन नजर आएंगी, इस बारे में फिलहाल कोई जानकारी सामने नहीं आई है।*

## जब 'सत्या' में उर्मिला ने पहनी 500 रुपये की साड़ी, मनीष मल्होत्रा ने फोन कर लगाई डांट!

उर्मिला मातोंडकर ने फिल्म सत्या में पहनी अपनी साड़ी और उसकी कीमत को लेकर एक किस्सा साझा किया। उन्होंने कहा कि इस बारे में बताने पर उन्हें मनीष मल्होत्रा से डांट भी पड़ गई थी। कुछ दिनों पहले ही फिल्म निर्माता राम गोपाल वर्मा की कल्ट गैंगस्टर फिल्म 'सत्या' के री-रिलीज से पहले स्क्रीनिंग हुई। स्क्रीनिंग के दौरान सितारों ने फिल्म को लेकर अपनी अपनी यादें साझा कीं। बातचीत के दौरान फिल्म में उर्मिला के लुक और साड़ियों को लेकर भी बात हुई। उर्मिला मातोंडकर ने फिल्म में अपनी साड़ियों को लेकर कहा कि मुझे याद है एक बार मुझे मनीष की डांट भी पड़ गई थी। रंगीला जैसी फिल्मों को करने करे बाद एक इंटरव्यू में मुझसे कहा कि आप बहुत अच्छी साड़ी पहनी। मैंने उससे कहा कि तुम लोग मेरे लुक्स और साड़ी से इतने प्रभावित क्यों हो, मैंने तो 500 रुपये की भी साड़ी पहनी है। हालांकि, मैंने ये बात ऐसे ही बस कह दी थी। उर्मिला ने कहा कि ये बात कहने के बाद मुझे डांट भी पड़ी। उन्होंने बताया कि, इसके तुरंत बाद मुझे मनीष का कॉल आया कि तुमने 500 रुपये की साड़ी क्यों बोला, ये बोलना जरूरी था। हालांकि, इसके बाद आज के समय पर सब नॉर्मल हो गया।



**शेफाली शाह की भी बात:** उर्मिला मातोंडकर ने कहा कि मैं शेफाली शाह और मनोज के साथ डिनर के लिए जाते हैं। वहां लाइट चल रहा था। वहां सब कुछ काफी अस्त-व्यस्त था, लोग लाइट और कैमरा सेट करने की कोशिश कर रहे थे... और मुझे अचानक उनकी बॉडी लैंग्वेज से एहसास हुआ, जो एक ऐसे जोड़े की थी, जो 20 साल से शादीशुदा है।

**17 जनवरी को रिलीज हुई है फिल्म:** गैंगस्टर फिल्म 'सत्या' 17 जनवरी, 2025 को सिनेमाघरों में फिर से रिलीज होगी। साल 1998 में पहली बार सिनेमाघरों में आई इस फिल्म ने अपनी कहानी और यादगार किरदारों के चलते लोगों का दिल जीत लिया।

### बाइक और एक्टिवा में आमने-सामने भिड़ंत, महिला की मौत, बेटा-बेटी घायल

# टेक्निशियन पति का आरोप-जिंदा ही रख दिया मर्चूरी के फ्रीजर में, चल रही थी सांसें

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

ईटखेड़ी थाना क्षेत्र स्थित निपानिया जाट के पास मेनरोड पर शनिवार दोपहर बाइक और एक्टिवा की आमने-सामने की टक्कर में एक्टिवा सवार महिला की मौत हो गई जबकि उनके दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद टक्कर मारने वाला आरोपी चालक अपना वाहन लेकर फरार हो गया था। वहां मौजूद लोगों ने एंबुलेंस की मदद से महिला व दोनों बच्चों को हमीदिया अस्पताल रवाना किया था। इलाज के दौरान कुछ देर बाद ही महिला की मौत हो गई थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पति डॉक्टर पर आरोप लगाया है कि उसकी पत्नी को जिंदा ही फ्रीजर में रख दिया गया था।

पुलिस के अनुसार रतन कॉलोनी निशातपुरा निवासी राजकुंवर अहिरवार पत्नी तुलाराम अहिरवार (35) अपने दो बच्चों के साथ मां से मिलने बैरसिया गई थीं। शनिवार दोपहर करीब दो बजे राजकुंवर अहिरवार 16 साल के बेटे व 12 साल की बेटी के साथ अपनी एक्टिवा से वापस घर रतन कॉलोनी लौट रही थीं। एक्टिवा वह खुद चला रही थीं। निपानिया जाट के पास सामने से आ रहे बाइक सवार ने तेजी व लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए राजकुंवर की एक्टिवा को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में मां व दोनों बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए जबकि मोटरसाइकिल सवार अपनी गाड़ी लेकर मौके से भाग निकला। पुलिस ने बताया कि राजकुंवर के सिर में गंभीर चोटें आई थीं।



#### पति का आरोप पत्नी की चल रही थी सांसे

मृतिका राजकुंवर के पति तुलाराम ने हमीदिया अस्पताल के डॉक्टर्स पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उसका कहना है कि जब एंबुलेंस पत्नी को लेकर अस्पताल पहुंची थी तब उसकी सांसे चल रही थी। वह पर्चा बनाने के लिए काउंटर पर पहुंचा। वहां से लौटकर आया तो डॉक्टर ने पत्नी को मर्चूरी के फ्रीजर में रखवा दिया था। मैंने फ्रीजर खोला तो पत्नी की गले की नब्स और दिल की धड़कन चल रही थी। मैं खुद एम्स में मेडिकल टैक्निशियन स्टाफ हूं। लिहाजा मुझे पता है कि मृत्यु के लक्षण कैसे होते हैं। मेरा मुख्यमंत्री से आग्रह है कि जिस डॉक्टर ने बिना इलाज किए मेरी पत्नी को जिंदा फ्रीजर में रख दिया उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। तुलाराम ने आरोप लगाते हुए कहा कि जब वह अस्पताल पहुंचा तो बेटी भी घायल अवस्था में बाहर बैठी हुई थी।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

बैरसिया पुलिस ने बताया कि सोहाया जोड़ के पास सिरोंज रोड पर शुक्रवार रात एक युवक सडक किनारे गंभीर रूप से घायल अवस्था में पड़ा था। उसकी मोटरसाइकिल भी पास में क्षतिग्रस्त हालत में पड़ी थी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से पहले बैरसिया अस्पताल और बाद में एलबीएस अस्पताल में भर्ती कराया गया था। रात करीब सवा दस बजे इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। मृतक की शिनाख्त कजलीखेड़ा कोलार रोड निवासी राजपाल अहिरवार पुत्र फूल सिंह (30) के रूप में की गई। पुलिस ने बताया कि मृतक के सिर में गंभीर चोटें आई थीं।

### बस चालक की लापरवाही से आटो चालक घायल

भोपाल। शाहजहांनाबाद इलाके में एक बस चालक की लापरवाही के चलते बैटरी आटो ड्रायवर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल व्यक्ति को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बस चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक मंसूर खान (35) हाउसिंग बोर्ड कालोनी निशातपुरा में रहते हैं और मीडियाकर्मी हैं। उनके पिता मुस्सू खान बैटरी आटो चलाते हैं। शुक्रवार की शाम करीब साढ़े चार बजे उनके पिता के एक्सीडेंट की सूचना मिली तो वह काला दरवाजा बस स्टाप शाहजहांनाबाद पहुंचे। यहां उनके पिता घायल अवस्था में पड़े हुए थे। पूछताछ में पिता ने उन्हें बताया कि बैटरी आटो लालबस से टकरा गया था, जिससे उसका साइड ग्लास टूट गया। इस पर बस कंडक्टर ने 140 रुपये की मांग की थी। बैटरी चालक ने उसे 70 रुपए का भुगतान किया था, जिसके बाद बस चालक ने उनके बैटरी आटो की चाबी निकाल ली और बस में जाकर बैठ गया। मुस्सू खान अपनी चाबी वापस मांगने के लिए बस में चढ? लगे, तभी चालक ने लापरवाही से बस चला दी, जिससे मुस्सू खान बस से नीचे गिरकर घायल हो गये।

# एमआर की संदिग्ध परिस्थिति में होटल के कमरे में मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**टीटी नगर थाना क्षेत्र स्थित होटल मिड टाउन में मेडिकल रिप्रेंजेंटेटिव की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उनकी लाश कमरे में बैड के नीचे पड़ी मिली। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद उनके रिश्तेदार को सौंप दी है। वे शव लेकर रीवा के लिए निकल गए थे। पुलिस पीएम रिपोर्ट मिलने का इंतजार कर रही है।**



पुलिस के अनुसार आनंद कुमार मिश्रा पिता राजेश्वर प्रसाद मिश्रा (50) अमीलई, जिला रीवा के रहने वाले थे। वे फार्मा कंपनी में मेडिकल रिप्रेंजेंटेटिव (एमआर) थे। वे अक्सर कंपनी के काम से भोपाल आते थे। अभी करीब पांच दिन पूर्व ही वह भोपाल आए थे और एक होटल में रुके हुए थे। वहां से 16 जनवरी की सुबह उन्होंने होटल मिड टाउन में चेक इन किया।

#### पलंग के नीचे मिली लाश

होटल के मैनेजर ने बताया कि शुक्रवार सुबह उन्होंने पानी की बोतल बुलाई थी। इसके बाद से ही अपने कमरे में दरवाजा नहीं खोला। रात में भी उनसे संपर्क किया गया, लेकिन कमरा नहीं खुला। शनिवार सुबह होटल के मैनेजर ने पुलिस को सूचना दी कि रूम नंबर 104 में रुके आनंद मिश्रा दरवाजा नहीं खोल रहे हैं। पुलिस मौके पर पहुंची तो पता चला कि दरवाजे की कुंदी अंदर से लगी है। किसी तरह दरवाजा तोड़ा गया तो अंदर कमरे में बेड के पास आनंद कुमार मिश्रा की लाश नीचे पड़ी नजर आई।

### परिजन से नाराज होकर गई किशोरी, पुलिस ने किया सकुशल बरामद

भोपाल। गांधी नगर इलाके से लापता हुई एक नाबालिग को पुलिस ने चौबीस घंटे के भीतर सकुशल बरामद कर लिया। पूछताछ के बाद उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। पुलिस के मुताबिक इलाके में रहने वाली 17 वर्षीय किशोरी 17 जनवरी की रात बगैर बताए घर से लापता हो गई थी। परिजन ने आसपास तलाश किया, लेकिन जब उसका कुछ पता नहीं चला तो थाने जाकर बेटी के अपहरण की शिकायत दर्ज कराई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस की एक विशेष टीम बनाकर नाबालिग की तलाश में लगाया गया था। सुबह गांधी नगर स्थित रिलायंस पेट्रोल पंप के पास से किशोरी को सकुशल बरामद कर लिया गया है। पूछताछ में पता चला कि किशोरी परिजन से नाराज होकर घर से निकल गई थी।

### कमजोर वर्गों के लिए फोर्स को संवेदनशील बनाने प्रशिक्षण हेल्थ चेकअप भी हुआ



भोपाल। विशेष पुलिस महानिदेशक (अजाक) पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश पर समाज के कमजोर वर्गों के प्रति संवेदनशीलता विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विशेष शाखा (एसबी) प्रशिक्षण संस्थान इंटीग्रेटेड भवन श्यामला हिल्स में आयोजित इस प्रशिक्षण/सेमीनार में भोपाल रेंज के अंतर्गत जिला नगरीय भोपाल, देहात भोपाल, विदिशा, सीहोर एवं राजगढ़ से उप पुलिस अधीक्षक स्तर से लेकर सहायक उप निरीक्षक स्तर तक के 50 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यकम का उद्घाटन मुख्य अतिथि अभय सिंह पुलिस महानिरीक्षक भोपाल (देहात) जोन द्वारा किया गया। प्रशिक्षणार्थी को प्रशिक्षण दिये जाने हेतु व्याख्याता के रूप में अमरजीत टेक्निकल कंसल्टेंट यूनिसेफ कार्यालय भोपाल, एमपी भास्कर वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी आरएफएसएल भोपाल, डॉ। कृपा शंकर चौबे जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड मेंबर भोपाल, विजय कुमार बंसल विधि अधिकारी (अजाक) पुलिस मुख्यालय भोपाल, उनिरीक्षक भारत लाल प्रजापति साइबर अपराध कार्यालय भोपाल, डॉ। राकेश भार्गव 25वीं बटालियन भोपाल द्वारा प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया गया। कार्यक्रम के अंत में डॉ। राकेश भार्गव एवं उनकी टीम ने प्रतिभागियों का जनरल हेल्थ चेकअप भी किया एवं आरटीपीसीआर के संबंध में अवगत कराते हुए सभी प्रतिभागियों से प्रैक्टिकल भी करवाया। एसपी अजाक ने किया समापन नीतू सिंह डाबर पुलिस अधीक्षक अजाक भोपाल रेंज द्वारा दो दिवसीय सेमीनार/प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन पुलिस अधीक्षक अजाक रेंज भोपाल नीतू सिंह डाबर के नेतृत्व में हुआ। उनके सहायतार्थ एसडीओपी बिलखिरिया प्रिया सिंधी, निरीक्षक केजी शुक्ला थाना प्रभारी अजाक, सउनि आनंद कुमार झा (रीडर) एवं समस्त स्टाफ पुअ अजाक कार्यालय भोपाल रेंज की अहम भूमिका रही।

# ऑंटो चालक के साथ शराब के लिए अड़ीबाजी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

गौतम नगर में रहने वाले एक आटो चालक पर बदमाश और उसके साथी ने शराब के लिए अड़ीबाजी की और रुपये नहीं देने पर मारपीट कर दी। बदमाशों ने छुरी से हमला करने की धमकी दी थी, इसलिए फरियादी ने तीन दिन बाद थाने जाकर रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। जानकारी के अनुसार जावेद खान (23) नारियलखेड़ा गौतम नगर में रहता है और सवार आटो चलाता है। बीती चौदह जनवरी की रात करीब साढ़े आठ बजे वह पीपल चौराहे के पास आटो लेकर सवारी का इंतजार कर रहा था। इसी दौरान बदमाश आशिफ और उसका एक साथी पहुंचा। दोनों ने शराब पीने के लिए जावेद से एक हजार रुपए की मांग की। जावेद ने जब रुपये देने से इंकार किया तो साथी ने उसे पकड़ लिया और आशिफ ने मारपीट कर दी। आसपास के लोगों ने किसी तरह बीच-बचाव किया। बदमाशों ने धमकी दी कि अगर थाने में रिपोर्ट की तो वह छुरी से हमला कर देंगे। डर के कारण जावेद ने तीन दिन बाद शुक्रवार को थाने जाकर आरोपियों के खिलाफ मारपीट और अड़ीबाजी की रिपोर्ट दर्ज कराई।



काम से लौट रहे युवक को पीटा इसी इलाके में रहने वाले एक युवक के साथ मोहल्ले में रहने वाले युवक ने मारपीट कर दी। पुलिस के मुताबिक फिरोज खान (39) रिसालदार कालोनी गौतम नगर में रहता है और पीओपी का काम करता है। 17 जनवरी की रात करीब साढ़े बारह बजे वह काम से घर लौट रहा था, तभी मोहल्ले में रहने वाला अनिकेत मिल गया और शराब पीकर गदर मचाने का आरोप लगाते हुए गाली-गलौज करने लगा।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक गंभीर घायल




भोपाल। हनुमानगंज इलाके में अज्ञात दोपहिया वाहन की टक्कर से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के मुताबिक परवेज अली पुत्र साबिर अली (32) छावनी मंगलवारा में रहता है और सब्जी मंडी में काम करता है। शुक्रवार की शाम करीब साढ़े सात बजे वह सब्जी मंडी से घर लौट रहा था। हनुमानगंज स्थित बांबे होटल के सामने परवेज को अज्ञात दोपहिया वाहन चालक ने टक्कर मार दी और भाग निकला। घटना के समय परवेज के बहनोई मेहफूज अली होटल पर चाय पी रहे थे। वह तत्काल ही घायल साले को इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे भर्ती कर लिया। बाद में मेहफूज ने थाने जाकर एक्सीडेंट की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से टक्कर मारने वाले वाहन की पहचान करने का प्रयास कर रही है।

# 100 से ज्यादा सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का निराकरण

**जोन टू की 40 शिकायतें बंद, एक शिविर में मौजूद रहे सभी अफसर**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

नगरीय पुलिस भोपाल द्वारा जोन-टू के अंतर्गत सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण के लिए शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 100 से ज्यादा सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का निराकरण किया गया।

करीब 40 शिकायतें संतुष्टि के बाद पूरी तरह से बंद की गई। इस शिविर का उद्देश्य फरियादियों की समस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान एवं निराकरण करना था। शिविर में पुलिस अधिकारियों के साथ ही विधि विभाग, अन्य शासकीय विभागों के अधिकारियों के साथ ही सामाजिक कार्यकताओं ने भी सक्रिय भूमिका निभाई।

इस दौरान नागरिकों की विभिन्न समस्याओं को सुना गया और उनका समाधान सुनिश्चित किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में फरियादी उपस्थित हुए और अपने मुद्दों को साझा किया। पुलिस अफसरों ने बताया कि फरियादी द्वारा सीएम हेल्पलाइन इस आशा के साथ लगाई जाती है कि उनकी समस्या का निराकरण हो सके। पुलिस की भी कोशिश रहती है कि हर फरियादी को न्याय मिले और उनकी समस्याओं का समय पर समाधान हो। हालांकि कई बार फरियादी की शिकायत पुलिस संबधी न होकर अन्य विभागों से संबंधित होती है, इस कारण फरियादी की समस्या के समाधान में अधिक समय लग जाता है। इसके अलावा, सामाजिक कार्यकताओं ने पुलिस के साथ मिलकर समस्याओं के समाधान में सहयोग दिया और जनता को जागरूक किया। इस शिविर ने प्रशासन और जनता के बीच संवाद का एक प्रभावी मंच प्रदान किया है। जनसुनवाई की नई पहल मुख्यमंत्री जनकल्याण पर्व के तहत यह जनसुनवाई की नई पहल बताई जा रही है। इस शिविर में विभिन्न विधाओं के विशेषज्ञों की ज्यूरी, अधिवक्तागण, एसडीएम, विधिक सहायता के प्रतिनिधि, जन प्रतिनिधि एवं समाजसेवी ज्यूरी के सदस्य रहे। शिविर का आयोजन एमपी नगर इलाके में किया गया था।

### पिस्टल-कारतूस के साथ बदमाश गिरफ्तार

भोपाल। निशातपुरा पुलिस ने एक बदमाश को गिरफ्तार कर उससे पिस्टल और जिंदा कारतूस जब्त किए हैं। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार बदमाश पर अलग-अलग थानों में पांच अपराध दर्ज हैं। जानकारी के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली कि एक संदिग्ध युवक अवैध हथियार लेकर छहघरा कमल नगर के पास घूम रहा है। सूचना मिलते ही इंचार्ज थाना प्रभारी मातादीन अहिरवार ने तत्काल पुलिस की एक टीम बताए गए स्थान के लिए रवाना की। पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो बताए गए हुलिए का युवक पुलिस को देखकर भागने लगा, जिसे घेराबंदी कर दबोच लिया गया। तलाशी लेने पर उसके पास मैगजीन लगी एक पिस्टल बरामद हुई।

**मेट्रो एंकर** | ट्रेन में सक्रिय हैं चोर-लुटेरे, चौकसी नाकाम

# सफर के दौरान फिर यात्रियों के मोबाइल, नगदी, चोरी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**ट्रेनों में सफर के दौरान यात्रियों का हजारों का सामान चोरी हो गया। भीड़भाड़ और नींद का फायदा उठाकर बदमाश मोबाइल, पर्स और नगदी समेत अन्य सामान चोरी कर ले गए। जीआरपी ने सभी मामलों में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।**



जानकारी के अनुसार मुंबई निवासी सुनील कुमार मालवा एक्सप्रेस में नई दिल्ली से उज्जैन की यात्रा कर रहे थे। सीट पर सोते समय उन्होंने अपना हैंडबैग बगल में रखा हुआ था। बीना स्टेशन निकलने के बाद उनकी नींद खुली तो देखा कि हैंडबैग सीट के नीचे गिरा पड़ा है। उन्होंने बैग चैक किया तो उसके अंदर रखे पांच हजार रुपए नहीं थे। इसी प्रकार कोतवाली ललितपुर उत्तर प्रदेश निवासी राजमती जैन दक्षिण एक्सप्रेस के जनरल कोच में सवार होकर यात्रा कर रही थी। इस दौरान उनकी स्वेटर की जेब में रखा एक मोबाइल चोरी हो गया। चोरी गए मोबाइल की कीमत 8 हजार रुपए बताई गई है। इधर मदन महल जबलपुर निवासी दीपक शुक्ला अमरावती एक्सप्रेस में नागपुर से जबलपुर की यात्रा कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने अपना मोबाइल फोन जैकेट की जेब में रखा हुआ था। इटारसी स्टेशन के पास उनकी नींद खुली तो पता चला कि जैकेट में रखा मोबाइल नहीं था। चोरी गए मोबाइल की कीमत 6 हजार रुपए बताई गई है।

#### सीतापुर एक्सप्रेस में मोबाइल चोरी

बहराईच उत्तर प्रदेश निवासी राजेश कुमार सीतापुर एक्सप्रेस में मुंबई से सीतापुर की यात्रा कर रहे थे। ट्रेन में बैठने के अगले दिन वह इटारसी पहुंचे। इस दौरान उनकी जेब में रखा एक मोबाइल फोन चोरी हो गया। चोरी गए मोबाइल की कीमत 12 हजार रुपए बताई गई है। राजेश ने इस मामले की शिकायत लखनऊ जीआरपी में की थी, जहां से केस डायरी आने के बाद असल कायमी कर ली गई है। इसी प्रकार ग्वालियर निवासी संतोष अहिरवार श्रीधाम एक्सप्रेस में नर्मदापुरम से ग्वालियर की यात्रा कर रहे थे। यात्रा के दौरान किसी ने जेब में रखा 11 हजार रुपये कीमत का मोबाइल फोन चोरी कर लिया। इधर टीकमगढ़ निवासी रितिक सूतकार उद्योग नगरी में बैठकर झांसी से भोपाल आए थे। यहां से उन्हें बीकानेर जाना था। गलती से वह दूसरी ट्रेन में बैठकर इटारसी पहुंच गए। इस दौरान जेब में रखा उनका 12 हजार रुपए का मोबाइल चोरी हो गया।

# पुलिस सेंट्रल जोन के वार्षिक अवार्ड दिए

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

राजधानी पुलिस सेंट्रल जोन द्वारा वार्षिक अवार्ड वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर मुख्य अतिथि पुलिस आयुक्त हरिनारायणाचारी मिश्रा और अतिरिक्त पुलिस आयुक्त श्री पंकज श्रीवास्तव ने पुलिस उपायुक्त (जोन -3) रियाज इकबाल के नेतृत्व में कार्यरत हर थाने के 10-10 ऐसे पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया। इन सभी ने विवेचना, वारंट तामील, पेट्रोलिंग, शिकायत निराकरण और रजिस्टर मेंटेनेंस जैसे क्षेत्रों में 2024 सबसे उत्कृष्ट कार्य किया। इन पुलिसकर्मियों को उनकी निष्ठा और कड़ी मेहनत के लिए पुरस्कार प्रदान किया गया। पुलिस आयुक्त हरिनारायणाचारी मिश्रा ने कहा कि भोपाल सेंट्रल जोन में कमिश्नरेट



प्रणाली लागू होने के बाद से अपराध में भारी कमी आई है। उन्होंने बताया कि पिछले 3 वर्षों में गंभीर अपराधों में अपराधियों को तुरंत गिरफ्तार कर मामलों का सफल निराकरण किया गया। सभी धर्मों के त्योहारों, धार्मिक जुलूसों, धरना-प्रदर्शनों और अन्य आयोजनों में कानून व्यवस्था को शांति और सुव्यवस्थित तरीके से संभालने के लिए सेंट्रल जोन के सभी पुलिसकर्मी बधाई के पात्र हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि वर्ष 2025 में भी ऐसा ही उत्कृष्ट प्रदर्शन जारी रहेगा।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022